
MPHIN/2021/83938



दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 193 | ग्वालियर गुरुवार, 04 मई 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए

# अंकोला की रैली में पीएम मोदी ने कांग्रेस पर साधा निशाना

एक हफ्ते बाद यानि 10 मई को कर्नाटक में मतदान होना है. इसके नतीजे 13 मई को आने हैं. उससे पहले सभी राजनीतिक पार्टियां जमकर चुनाव प्रचार कर मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के प्रयास में लगी हुई हैं. इसी क्रम में बीजेपी की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ जिले के अंकोला में चुनावी रैली को संबोधित किया. यहां उन्होंने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा.उन्होंने कहा, ÷विपक्ष सिर्फ गाली पॉलिटिक्स जानता है. वो हमें हरा नहीं सकते, इसलिए गालियां देते हैं. कर्नाटक के लोग गाली की राजनीति को खारिज करते हैं और सभी मतदाता मुझे गाली देने के लिए



कांग्रेस को सबक सिखाएंगे. हमें कर्नाटक को देश का नंबर वन राज्य बनाना है. इसके लिए आपको बीजेपी को वोट करना होगा.पीएम मोदी ने कहा, ÷कांग्रेस ने अपने दशकों के कुशासन के चलते जन विश्वास खो दिया है. इसलिए, झूठे आरोप और झूठी गारंटी देती है. अब यही एकमात्र सहारा बचा है. कांग्रेस आज भी कर्नाटक की हर योजना में 80 प्रतिशत कमीशन खाने को तैयार बैठी है.÷ वहीं उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा, ÷4 करोड़ 20 लाख नकली नामों को उन्होंने (कांग्रेस) ने राशन दिया. 4 करोड़ नकली नामों को गैस की सब्सिडी दी, 1 करोड़ नकली नामों को महिला कल्याण के नाम पर पैसा भेजा. 30 लाख नकली विद्यार्थियों को छात्रवृति भेजी जा रही थी.

## सीएम प्रमोद सावंत ने दिया ये बयान तो भड़के तेजस्वी यादव

गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने विवादित बयान देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश और बिहार के 90 प्रतिशत मजदूर गोवा में अपराधों को अंजाम देते हैं. उनकी इस टिप्पणी पर बवाल मच गया है. बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने पलटवार करते हुए पूछा है कि बीजेपी और बीजेपी नेताओं को बिहार और बिहारियों से नफरत क्यों हैदरअसल, 1 मई मजदूर दिवस के दिन पणजी में प्रमोद सावंत ने दावा किया था, ÷बाहर के मजदूर गोवा में गुनाह करते हैं और फरार हो जाते हैं अगर हम अनुपात निकालें तो जो भी गुनाह होते हैं उसमें से 90 फ़ीसदी गुनाहगार बाहर के होते हैं यूपी, बिहार के होते हैं, इसलिए पहचान पत्र जरूरी है जिससे अपराधी को पकड़ा जा सके.÷ गोवा सीएम के इस दावे पर तेजस्वी सख्त प्रतिक्रिया दी है.उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर पर लिखा, ÷केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल जी के बाद अब गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने शर्मनाक बयान देकर बिहार और बिहारियों का घोर अपमान किया है. बीजेपी और बीजेपी के नेताओं को बिहार और बिहारियों से नफरत क्यों है? केंद्र की बीजेपी सरकार बिहार के सभी हकों, वाजिब मांगों व अधिकारों को लेकर सदा नकारात्मक और उदासीन क्यों रहती है।



## एक नजर

### रांची में मोदी सरनेम केस में राहुल गांधी को झटका, कोर्ट ने खारिज की व्यक्तिगत पेशी से छूट की याचिका




कांग्रेस नेता राहुल गांधी की झारखंड में मोदी सरनेम केस में झटका लगा है. रांची की एमपी-एमएलए कोर्ट ने राहुल गांधी की मामले में व्यक्तिगत पेशी की मांग करने वाली याचिका बुधवार (3 मई) को खारिज कर दी.रांची में प्रदीप मोदी नाम के शख्स की ओर से राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दर्ज कराया गया था. इस केस में राज्य सरकार की ओर से अपर लोक अभियोजक पुष्पा सिन्हा ने बहस की. वहीं, राहुल गांधी की ओर से अधिवक्ता प्रदीप चंद्रा ने बहस की.मामले में ज्यादा जानकारी आना बाकी है. बता दें कि गुजरात के सूरत कोर्ट से मानहानि केस में ही राहुल गांधी को दो साल कारावास की सजा सुनाए जाने पर उनकी संसद सदस्यता चली गई थी. फिलहाल राहुल गांधी 10 मई को होने वाले कर्नाटक विधानसभा चुनाव के मद्देनजर चुनावी प्रचार अभियान में व्यस्त हैं.

### शरद पवार के इस्तीफा देने के तरीके ने कैसे बढ़ा दी भतीजे अजित की मुश्किलें?



मुंबई का यशवंतराव चव्हाण सेंटर मंगलवार को महाराष्ट्र की सियासत का केंद्र बना रहा. आत्मकथा विमोचन करने आए शरद पवार ने यहीं पर अपने रिटायरमेंट की घोषणा कर दी. पवार के इस ऐलान से एनसीपी के कार्यकर्ता उबल पड़े. कई दिग्गज नेता मंच पर ही रोने लगे और उन्हें अपना फैसला वापस लेने की अपील करते रहे.हालांकि, इन सबके बीच सबसे अधिक चर्चा में उनके भतीजे अजित पवार रहे. अजित कार्यकर्ताओं को शरद पवार के फैसले के बारे में समझाते और मनाते रहे. अजित एनसीपी विधायक दल के नेता हैं और उन्हें सीनियर पवार के राजनीतिक उत्तराधिकारी के तौर पर देखा जाता रहा है. शरद पवार के अध्यक्ष पद छोड़ने की घोषणा को राजनीतिक जानकार एक इमोशनल दांव मान रहे हैं. 82 साल के पवार एनसीपी के गठन के बाद से ही इसके अध्यक्ष हैं. पिछले दिनों अजित के बीजेपी के साथ जाने की खबरों के बाद पवार का इस्तीफा सियासी सवालों के घेरे में है. हालांकि, उनके इस्तीफा देने के तरीके को मास्टर स्ट्रोक माना जा रहा है.दिल्ली से मुंबई तक सियासी गलियारों में शरद पवार के बारे में कई कहावतें मशहूर है और इनमें उनका चौंकाना वाला फैसला भी शामिल हैं. हाल ही के वर्षों में पवार ने महाविकास अघाड़ी बनाकर शिवसेना और कांग्रेस को एक साथ लाकर सबको चौंका दिया था.ा रहा है. पवार के इस्तीफे के बाद कांग्रेस के कद्दावर नेता संजय निरुपम ने पार्टी को आगाह किया है. निरुपम ने कहा है कि महाविकास अघाड़ी को मिल रही लगातार सफलता के बाद पवार का इस्तीफा बहुत कुछ कह रहा है.शरद पवार के अचानक इस्तीफे की घोषणा पर अजित ने कहा कि यह आज नहीं तो कल होना ही था. अब नई पीढ़ी को जिम्मेदारी लेने का वक्त आ गया है.आत्मकथा विमोचन के वक्त शरद पवार के साथ उनकी पत्नी प्रतिभा और बेटी सुप्रिया भी मौजूद थीं. भतीजे अजित और पार्टी के वरिष्ठ नेता उनके पास बैठे थे. पवार जब माइक पर आए तो उन्होंने अध्यक्ष पद छोड़ने की घोषणा कर दी. शरद पवार ने कहा कि मैं 7-8 दिन से विचार कर रहा था और फैसला किया है कि एनसीपी का अध्यक्ष पद छोड़ दूं. पवार की इस घोषणा से वहां मौजूद बड़े नेता और कार्यकर्ता चौंक गए. प्रफुल पटेल और छगन भुजबल ने सार्वजनिक तौर पर इस्तीफे की जानकारी नहीं होने की बात कही. शरद पवार के साथ मौजूद बेटी सुप्रिया मुस्कुराती रहीं, जबकि पत्नी के चेहरे पर भी कोई इस्तीफे के विरूद्ध कोई हावभाव नहीं था.

### रांची में मोदी सरनेम केस में राहुल गांधी को झटका



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की झारखंड में मोदी सरनेम केस में झटका लगा है. रांची की एमपी-एमएलए कोर्ट ने राहुल गांधी की मामले में व्यक्तिगत पेशी की मांग करने वाली याचिका बुधवार (3 मई) को खारिज कर दी. रांची में प्रदीप मोदी नाम के शख्स की ओर से राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दर्ज कराया गया था. इस केस में राज्य सरकार की ओर से अपर लोक अभियोजक पुष्पा सिन्हा ने बहस की. वहीं, राहुल गांधी की ओर से अधिवक्ता प्रदीप चंद्रा ने बहस की. मामले में ज्यादा जानकारी आना बाकी है. बता दें कि गुजरात के सूरत कोर्ट से मानहानि केस में ही राहुल गांधी को दो साल कारावास की सजा सुनाए जाने पर उनकी संसद सदस्यता चली गई थी. फिलहाल राहुल गांधी 10 मई को होने वाले कर्नाटक विधानसभा चुनाव के मद्देनजर चुनावी प्रचार अभियान में व्यस्त हैं.

## सोनाली फोगाट मर्डर में आरोपी सुखविंदर सिंह को जमानत, गोवा से बाहर जाने पर रोक

बीजेपी नेता और सोशल मीडिया स्टार सोनाली फोगाट की हत्या के मामले में सह आरोपी सुखविंदर सिंह को बुधवार (3 मई) को बॉम्बे हाई कोर्ट ने शर्तों के साथ जमानत दे दी. सुखविंदर सिंह पर आरोप है कि उसने मुख्य आरोपी सुधीर सांगवान के साथ मिलकर साजिश के तहत 23 अगस्त 2022 को गोवा के एक क्लब में सोनाली फोगाट को जबरन ज्यादा मात्रा में ड्रग्स पिलाकर हत्या की थी.सोनाली फोगाट की



हत्या मामला पहले गोवा की अंजुना पुलिस ने दर्ज किया था लेकिन बाद में मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी गई थी. गोवा पुलिस ने 26 अगस्त 2022 को सुधीर सांगवान और सुखविंदर सिंह को गिरफ्तार किया था और तभी से दोनों न्यायिक हिरासत में जेल में बंद है. अब हाईकोर्ट से जमानत मिलने के बाद सुखविंदर सिंह के बाहर आने का रास्ता साफ हो गया है.सुखविंदर सिंह के वकील सुरेंद्र देसाई ने बताया कि जमानत की शर्त के मुताबिक सुखविंदर सिंह को गोवा से बाहर जाने पर रोक है और उसे नियमित तौर पर सीबीआई के जांच अधिकारी के सामने हाजिरी लगानी होगी.

## पाकिस्तानी आतंकियों के मंसूबे नाकाम



**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के माछिल सेक्टर में सतर्क भारतीय सैनिकों ने बुधवार (3 मई) को घुसपैठ की एक बड़ी कोशिश को नाकाम कर दिया है. जवानों ने पाकिस्तान की सीमा से लगी एलओसी पर ऑपरेशन में दो घुसपैठियों को मार गिराया है. श्रीनगर स्थित 15वीं कोर के अनुसार, एसएसपी कुपवाड़ा की ओर से प्रदान की गई विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर नियंत्रण रेखा के पार चल रहे एक आतंकवादी लॉन्च पैड से आतंकियों की माछिल सेक्टर में घुसपैठ की आशंका के आधार पर ऑपरेशन किया गया. सैनिकों को 1 मई को हाई अलर्ट पर रखा गया था. सेना के अनुसार, इस बीहड़ और अत्यंत दुर्गम इलाके में अच्छी तरह से समन्वित घुसपैठ रोधी ग्रिड लगाया गया था. जम्मू-कश्मीर पुलिस और एसओजी कुपवाड़ा की मदद से घुसपैठ के संभावित मार्गों पर सुरक्षा चौकस की गई थी. मौके पर तैनात सतर्क जवानों ने दो रातों तक लगातार बारिश, खराब दृश्यता और तापमान में गिरावट के साथ खराब मौसम का सामना किया. 3 मई की सुबह लगभग 8~30 बजे, नियंत्रण रेखा से आतंकवादियों की घुसपैठ को नाकाम कर दिया गया. श्रीनगर स्थित रक्षा पीआरओ ने कहा कि दो आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई में काफी गोलीबारी हुई. जवानों को दो आतंकियों को मार गिराने में सफलता मिली. ऑपरेशन में शामिल जम्मू-कश्मीर पुलिस के मुताबिक,्य सीरीज की दो राइफल, मैगजीन्स और भारी मात्रा में जंग में इस्तेमाल होने जैसी सामग्री दो आतंकियों के शवों के साथ बरामद किए गए. हालांकि, आतंकियों और उनके आतंकवादी समूह की पहचान अभी की जा रही है. इलाके में और घुसपैठियों के मौजूद होने की आशंका को देखते हुए व्यापक तलाशी अभियान जारी है.

## कर्नाटक के हर गांव-हर मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ करेगी बीजेपी

**नई दिल्ली।** कर्नाटक विधानभा चुनाव को लेकर कांग्रेस के सत्ता में आने पर बजरंग दल को बैन करने की घोषणा पर बीजेपी ने अपना दांव खेला है. बीजेपी ने ऐलान किया है कि वह राज्य के हर गांव-हर मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ करने वाली है. वहीं पीएम मोदी ने आज (3 मई) दक्षिण कर्नाटक के मुदबिदरी में एक रैली को संबोधित करते हुए बजरंग बली की जय के नारे लगाए. बीजेपी ने बजरंग दल पर बैन लगाने वाली बात को राज्य में 10 मई को होने वाली वोटिंग से पहलु चुनावी मुद्दा बनाने की पूरी तैयारी कर ली है. कल शाम 7 बजे बीजेपी राज्य के हर मंदिर, ग्राम पंचायत में और शहरी इलाके में हनुमान चालिसा का पाठ करेंगे. इसको लेकर पीएम मोदी ने मंगलवार (2 मई) को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा, आतंकवाद और आतंकवादियों का तुष्टिकरण करने का कांग्रेस का इतिहास रहा है और उन्होंने विपक्षी दल के घोषणा पत्र में बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने के वादे को भगवान हनुमान को ताले में बंद करने की कोशिश करार दिया. चित्रदुर्ग में दिन की पहली रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने दिल्ली के 2008 के प्रसिद्ध बाटला हाउस मुठभेड़ का मुद्दा उठाया और आरोप लगाया कि कांग्रेस का इतिहास आतंक और आतंकवादियों के तुष्टिकरण का रहा है. उन्होंने कहा, कर्नाटक के लोगों को कांग्रेस का इतिहास और उसकी सोच कभी भी नहीं भूलनी है. उसका इतिहास आतंक और आतंकवादियों के तुष्टीकरण का है. जब दिल्ली में बाटला हाउस एनकाउंटर हुआ तो कांग्रेस की सबसे बड़ी नेता की आंखों में आतंकियों के मर जाने की खबर सुनकर आंसू आ गए थे. विजयनगर जिले के होस्पेट में मोदी ने कांग्रेस के चुनावी घोषणापत्र में बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने का वादा करने का मुद्दा उठाया और इसे भगवान हनुमान की पूजा करने वालों को ताले में बंद करने की कोशिश करने का कांग्रेस का प्रयास करार दिया. उन्होंने कहा,आज हनुमान जी की इस पवित्र भूमि को नमन करना मेरा बहुत बड़ा सौभाग्य है लेकिन दुर्भाग्य देखिए, मैं आज जब यहां हनुमान जी को प्रणाम करने आया हूं उसी समय कांग्रेस पार्टी ने अपने घोषणापत्र में बजरंगबली को ताले में बंद करने का निर्णय लिया है.

## यूक्रेन ने लांघी सीमा! पुतिन पर ड्रोन हमला नाकाम

**नई दिल्ली।** रूस-यूक्रेन जंग के बीच आज दोनों देशों में तनाव तेजी से बढ़ गया. रूस ने कहा कि यूक्रेन ने राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को मारने के लिए मॉस्को पर ड्रोन से हमला किया है. हालांकि, उस हमले को रूसी सेना ने नाकाम कर दिया है. रूसी सेना ने यूक्रेनियन ड्रोन मार गिराए हैं. अब क्रेमलिन ने यूक्रेन को कड़ा जवाब देने की चेतावनी दी है. रूसी सरकार की ओर से कहा गया है कि यूक्रेन ने आतंकवादियों की तरह रूसी राष्ट्रपति की हत्या करने के लिए ड्रोन भेजे. इसकी उसे बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी. रूस का पावर हाउस माने जाने वाले क्रेमलिन के बयान में बुधवार, 3 मई को कहा गया, यूक्रेन ने आज क्रेमलिन पर ड्रोन से हमला करने की कोशिश की, उसका ये कृत्य ÷आतंकवादी हमले जैसा है. हमें अपनी आत्मरक्षा करने का अधिकार है, और इसका माकूल जवाब देंगे. क्रेमलिन के अनुसार, रूस की सेना ने यूक्रेन द्वारा लॉन्च किए गए दो ड्रोन को मार गिराया है. ये ड्रोन रूसी राष?ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर हमला करने आए थे. रूसी सरकार के आरोप हैं कि यूक्रेन को अमेरिका और अन्य पश्चिमी देश घातक हथियार मुहैया करा रहे हैं. यूक्रेन को अब तक अरबों डॉलर के छोटे-बड़े हथियारों की खेप मिल चुकी है. बताया जा रहा है। कि



उसके पास अत्याधुनिक ड्रोन की फ्लीट भी है. इस बीच यूक्रेन की जेलेंस्की सरकार का बयान आया है. यूक्रेन ने रूस के आरोपों को प्रोपेगैंडा बताया है. यूक्रेनियन सरकार का कहना है कि उन्होंने मॉस्को में कोई ड्रोन नहीं भेजे. जेलेंस्की सरकार के मंत्री ने कहा कि क्रेमलिन पर ड्रोन हमले की साजिश के रूस के आरोप महज प्रोपेगैंडा हैं.

## पीएम मोदी ने भगवान शिव की तरह, ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कांग्रेस पर बोला हमला

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने पीएम मोदी के लिए दिए गए बयान और बजरंग दल को बैन करने की बात को लेकर कांग्रेस पर हमला बोला. उन्होंने बुधवार (3 मई) को कर्नाटक में चुनाव प्रचार के दौरान कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भगवान नीलकंठ की भांति विपक्ष की एक-एक गाली को पीकर देश का विकास किया है. सिंधिया ने कहा कि पीएम मोदी ने कहा है कि ये मुझे सांप कहते हैं, ये इस बात को न भूलें कि भगवान शिव की गर्दन पर नागदेवता विराजमान हैं. जैसे भगवान शिव ने विष पीकर एक नया अध्याय शुरू किया था वैसे ही पीएम ने विपक्षियों की गालियों को पीकर देश को प्रगित के पथ पर अग्रसर किया है. उन्होंने कांग्रेस के घोषणापत्र पर निशाना साधते हुए कहा कि जिस देश विरोधी पीएफआई को कांग्रेस की सरकार ने नई ऊर्जा दी थी बीजेपी सरकार ने उस पीएफआई को जेल की सलाखों के पीछे भेजने का काम किया है. ये बीजेपी का संकल्प है कि आप सभी लोगों




को साथ लेकर कर्नाटक को आगे लेकर जाना है. दरअसल, कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में बजरंग दल की तुलना पीएफआई से करते हुए उसे बैन करने की बात कही हगौरतलब है कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने हाल ही में कर्नाटक में एक चुनावी सभा में पीएम मोदी को जहरीला सांप कहा था. हालांकि उन्होंने बाद में सफाई दी थी कि उन्होंने पीएम को सांप नहीं कहा था बल्कि जिस बीजेपी और आरएसएस की विचारधारा का वो नेतृत्व करते हैं उसको लेकर बयान दिया था. इसके कुछ दिन बाद ही उनके बेटे और पूर्व मंत्री प्रियंक खरगे ने पीएम मोदी को नालायक कहा था. इन बयानों पर पलटवार करते हुए पीएम मोदी ने कहा था कि मल्लिकार्जुन खरगे ने एक परिवार को खुश करने के लिए उन्हें जहरीला सांप कहा और इसी क्रम को उनके लायक पुत्र ने उन्हें नालायक कहकर आगे बढ़ाया. पीएम ने कहा कि कांग्रेस के पास विकास से जुड़ा न कोई मुद्दा है और न ही कोई दृष्टि बची है. ये लोग स्नेह और अपनत्व से अभिभूत कर देने वाले कर्नाटक की मान-मर्यादा का ध्यान रखना भी भूल चुके हैं.

# श्री हैहयवंशी क्षत्रिय कलचुरी समाज शिवपुरी ने खोला धीरेंद्र शास्त्री के खिलाफ मोर्चा

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी- अभी हाल ही मैं कथा वाचक धीरेंद्र शास्त्री द्वारा शिवहरे समाज के कुल देवता अंदाज में धीरेंद्र शास्त्री जी ने हमारे आराध्य हमारे कुल देवता भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन जी के चरित्र पर दोषारोपण किया है वह तथ्य हीन हैं और पूरी तरह से निराधार हैं जिनकी शास्त्री इस हिसाब से बाबा नहीं किसी राजनीतिक पार्टी के एजेंट लगते हैं, और उन्होंने राजनीतिक लाभ लेने और किसी समुदाय विशेष को श्रेष्ठ साबित करने और



भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन के खिलाप अपशब्द बोले गया थे जिसके खिलाफ शिवहरे समाज के प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी विपिन शिवहरे ने बताया कि वैसे तो हम सभी संतो महापुरुषों का हमेशा से सम्मान करते रहे हैं लेकिन व्यास पीठ पर बैठकर जिस शब्दावली का प्रयोग करते हुए और जिस संवैधानिक रूप से कोई प्रमाणिकता नहीं है,इस हिसाब से उनके कथन पूरी तरह से अवैध हैं क्योंकि हमारे पवित्र संविधान में शास्त्रों कि कोई वैधता नहीं है सभी शास्त्र लिखने वाले पंडितों ने ही लिखे हैं और अपने हिसाब से जिसे चाहा भगवान बना दिया और जिसे चाहा खलनायक बना दिया, धीरेंद्र हमारे आराध्य एवं समाज को नीचा दिखाने की मंशा और बुरा सिद्ध करने के उद्देश्य से यह घृणित कृत्य किया है, इससे हमारे समाज के लोगों में बहुत ज्यादा आक्रोश उत्पन्न हो गया है, अतः उनका कथन अपराधिक कृत्य है, हमारी मांग है जिस हिसाब से उन्होंने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर बयान जारी किया है उसी तरह उनको भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन जी एवं उनके देश विदेश में रह रहे भक्तों से माफी वीडियो के माध्यम से मांगना चाहिए और वीडियो सोशल मीडिया पर सार्वजनिक करना चाहिए हमारी यही मांग है। अन्यथा हम लोग उनकी कथाओं का बहिष्कार करेंगे और जब तक वह माफी नहीं मांगते आंदोलन जारी रखेंगे वह झूठे हैं एवं राजनीति से प्रेरित हैं क्योंकि भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन केवल हमारे समाज ही नहीं पूरे हिंदू समाज के आराध्य देवता हैं, कलार समाज के अलावा ताम्रकार समाज भी हमारे ही वंश के भाई हैं और यदुवंशी भी हमारे ही वंश के भाई हैं, हम लोग तो उनको पूजते ही हैं इसके अलावा देश के विभिन्न प्रांतों में उनके मंदिर बने हुए हैं और हिंदू समाज के अलावा अन्य धर्मावलंबी भी उनके आगे श्रद्धा से शीश झुकाते हैं इसलिए हमने *समाज के आजीवन संरक्षक डॉ रामकुमार जी शिवहरे जिला अध्यक्ष श्री रविंद्र शिवहरे महिला जिला अध्यक्ष श्रीमती सीमा शिवहरे एवं युवा जिला अध्यक्ष भागीरथ जी के नेतृत्व में एसपी साहब से ज्ञापन के माध्यम से उनके खिलाफ भारतीय संविधान की विभिन्न धाराओं के तहत एफ आई आर दर्ज करवाने व माफी ना मांगने की स्थिति में उनको सजा दिलवाने की मांग की है जिससे इस तरह के दोषारोपण फिर कोई भी कथावाचक व्यास पीठ जैसी पवित्र जगह पर बैठकर ना लगाएं जिससे व्यासपीठ की मर्यादा बनी रहे क्योंकि हम हिंदू धर्म को मानने वाले लोग हैं और व्यासपीठ का विशेष सम्मान भी करते हैं।

## शिवपुरी पुलिस की तुरत कार्यवाही, नावालिग साथ उसके पिता ने किया दुष्कर्म, पुलिस द्वारा आरोपी को 12 घण्टे के अन्दर किया गिरफ्तार भेजा जेल।



**जगदीश पाल रिपोटर खनियाधाना**

पीडिता ने थाना गोवर्धन पर उपस्थित आकर अपने पिता के व्दारा रात्री में घर में ले जाकर गलत काम (बलात्कार) करने तथा जानसे मारने की धमकी देने संवंधी रिपोर्ट की थी जिस पर से अपराध क्र.31/2023 धारा-376(3), 376(2)च , 376,506,342 भादवि 3/4,5एन/6 पॉक्सो एक्ट का कायम कर विवेचना में लिया गया ।
पुलिस अधीक्षक श्री रघुवंश सिंह द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुये मामले की सघन जांच कर आरोपी की गिरफ्तारी करने के निर्देश दिये । अति. पुलिस अधीक्षक श्री प्रवीण कुमार भूरिया एवं एसडीओपी पोहरी श्री मनीष यादव के मार्गदर्शन मे टीम गठित कर थाना प्रभारी गोवर्धन उनि आर एस धाकड, सउनि सतेन्द्र तिवारी, आर. 1112 अजय रावत व्दारा आरोपी आरोपी पिता निवासी ग्राम नयागांव मारका थाना सुभाषपुरा हॉल निवासी ग्राम गणेशखेडा थाना गोवर्धन जिला शिवपुरी को मुखविर की सूचना पर से प्लांन्टेशन के पास गणेशखेडा से घटना के 12 घण्टे के अंदर गिरफ्तार किया गया । आरोपी को न्यायालय पेश किया गया है ।उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी गोवर्धन उनि आर.एस.धाकड, सउनि सत्येन्द्र तिवारी, आर. 1112 अजय रावत की सराहनीय भूमिका रही है ।

## शिवपुरी पुलिस की नाबालिक बालक बालिकाओं की दस्तयावी की कार्यवाही, पुलिस थाना फिजीकल द्वारा गुम हुई नाबालिक बालिका को 6 घंटे के अंदर किया दस्तयाव

**जगदीश पाल रिपोटर**
**खनियाधाना**

पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री रघुवंश सिंह द्वारा गुम नाबालिक बालक बालिकाओं की दस्तयावी हेतु अभियान चलाकर दस्तयावी के निर्देश दिये गये हैं । अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री प्रवीण कुमार भूरिया एवं एसडीओपी शिवपुरी श्री अजय भार्गव के मार्गदर्शन मे पुलिस थाना फिजीकल द्वारा गुम हुई नाबालिक बालिका को 6 घंटे के अंदर दस्तयाव किया है । आज दिनांक 03.05.2023 को फरियादिया निवासी पानी की टंकी के पास घोसीपुरा शिवपुरी द्वारा थाना फिजीकल आकर रिपोर्ट कराई कि फरियादिया की नाबालिक लड़की बिना बताये कहीं चली गई है, रिपोर्ट पर से थाना फिजीकल पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया । विवेचना के दौरान अपृहता की तलाश पुलिस टीम बनाकर कई जगहों पर की गई तो पुलिस को सूचना मिली की नाबालिक लड़की को एक लड़का बहला फुसला कर गुना ले गया है । थाना फिजीकल पुलिस द्वारा सूचना पर तुरंत कार्यवाही करते हुये पुलिस टीम को गुना भेजा जहां से नाबालिक बालिका को दस्तयाब कर आरोपी लड़के से भी पूछताछ की जा रही है । उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी उनि. अरविंद छारी । उनि. शिखा तिवारी, सउनि गुलशन सोनकर, आर. 1183 दीपक कुमार की सराहनीय भूमिका रही ।

## शिवपुरी पुलिस की नाबालिक बालक बालिकाओं की दस्तयावी की कार्यवाही, पुलिस थाना बैराड़ द्वारा 04 महीने से गुमशुदा नाबालिक बालिका को डबरा ग्वालियर से किया दस्तयाव।

**जगदीश पाल रिपोटर खनियाधाना**

पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री रघुवंश सिंह द्वारा गुम नाबालिक बालक बालिकाओं की दस्तयावी हेतु अभियान चलाकर दस्तयावी के निर्देश दिये गये हैं । अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री प्रवीण कुमार भूरिया एवं एसडीओपी पोहरी श्री मनीष यादव के मार्गदर्शन मे पुलिस थाना बैराड़ द्वारा 04 माह से गुम हुई नाबालिक बालिका को डबरा जिला ग्वालियर से दस्तयाब किया करने मे सफलता हांसिल की है ।दिनांक 09.01.2023 को फरियादिया ममता पत्नि दशरथ आदिवासी उम्र 35 साल निवासी ग्राम देवपुरा थाना बैराड ने थाना बैराड़ आकर रिपोर्ट कराई कि दिनांक 02.01.2023 को फरियादिया की नाबालिग लडकी उम्र 12 साल निवासी देवपुरा, बैराड़ मे मेला देखने की कहकर गई थी वापस नही आने पर तलाश किया तो लडकी का कोई पता नही चला । उक्त रिपोर्ट पर से धारा 363 भादवि का प्रकरण पंजीबद्द कर विवेचना में लिया गया था । कायमी दिनांक 09.01.2023 से लगातार अपह्ता की तलास हेतु हर सम्भव प्रयास किये जा रहे थे तथा श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय शिवपुरी श्री रघुवंश सिह भदौरिया द्वारा नाबालिग बालक बालिकाओ को दस्तयाब करने हेतु लतागातर निर्देश दिये जा रहे थे एवं श्रीमान अतिरिक्तत पुलिस अधीक्षक महोदय श्री प्रवीण सिंह भूरिया के निर्देशन मे एसडीओपी महोदय पोहरी श्री मनीष यादव के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बैराड निरीक्षक नवीन यादव व उनकी टीम द्वारा आज दिनांक 03.05.2023 को 04 महीने से अपह्ता विश्वमोहिनी आदिवासी पुत्री दशरथ आदिवासी उम्र 12 साल निवासी देवपुरा बैराड को डबरा जिला ग्वालियर से दस्तायाव किया गया है ।उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी बैराड निरीक्षक नवीन यादव व उनकी टीम उनि अरविंदसिंह चौहान प्र.आर.934 जगेश सिकरवार प्र.आर.673 गोविन्द सिह आर.966 अवधेश शर्मा आर.1076 रणजी रावत आर.960 अरूण जादौन सैनिक सावित्री बाई की सराहनीय भूमिका रही ।

### शिवपुरी पुलिस द्वारा चोरी की घटना पर तुरत कार्यवाही करते हुये

## पुलिस थाना फिजीकल द्वारा 12 घंटे के अंदर घटना का खुलासा करते हुये चोरी गया माल किया बरामद, आरोपी उत्तर प्रदेश से शिवपुरी आकर किराये पर रहकर घटनायें करता है

**जगदीश पाल रिपोर्टर**
**खनियाधाना**

आज दिनाँक -03.05.2023 को फरियादी अंकित सक्सैना पुत्र श्री राजेश कुमार सक्सैना उम्र 34 साल निवासी खाटूश्याम नगर नक्षत्र गार्डन के पास शिवपुरी व्दारा पुलिस थाना फिजीकल पर रिपोर्ट कराई कि, परिवार मे शादी का प्रोग्राम होटल सोनचिरैया मे था, प्रोग्राम के बाद सभी लोग रात्रि करीबन 12.30 बजे सो गये थे तभी हॉटल के कमरा नंबर 124 मे अज्ञात चोर व्दारा तीन जोडी सोने की अँगूठी, एक जोडी चाँदी के विछिया एंव दो मोबाईल फोन चोरी कर ले गया । उपरोक्त रिपोर्ट पर से थाना फिजीकल पर अपराध क्र. 107/23 धारा 457,380 भादवि का कायम किया गया । पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री रघुवंश सिंह द्वारा शहर मे चोरीयों की घटनाओं पर अंकुश लगाने एवं शहर मे शादियों का माहौल होने पर से समस्त थाना प्रभारियों को पुलिस बल के साथ ज्यादा से ज्यादा पेट्रोलिंग एवं गस्त बढ़ाने हेतु निर्देशित किया जा रहा है एवं पुलिस अधीक्षक शिवपुरी द्वारा चोरी की सूचना मिलने पर तुरंत कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये हैं । थाना फिजीकल क्षेत्र के हॉटल सोनचिरैया मे हुई चोरी की घटना पर से अति. पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री प्रवीण कुमार भूरिया एवं एसडीओपी शिवपुरी श्री अजय भार्गव के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी फिजीकल उनि. अरविंद छारी से साथ पुलिस टीम गठित की गई । पुलिस टीम के द्वारा सीसीटीवी कैमरो की रिकॉर्डिंग को चैक करते जांच की गई, जिसपर से पुलिस को घटना के संबंध मे मुख्य जानकारी मिली जिसपर से पुलिस द्वारा अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया । थाना प्रभारी फिजीकल को मुखविर व्दारा सूचना प्राप्त हुई कि उक्त हुलिया का व्यक्ति अरविन्द शर्मा के मकान के सामने देखा है, पुलिस द्वारा मुखविर की सूचना पर तुरंद एक्शन लेते हुये बिना समय गबाये हॉटल सोनचिरैया के पास अरविन्द शर्मा के मकान के पास उक्त हुलिया का व्यक्ति मिला, जिससे हिकमत अमली से पूछताछ पर उसने जुर्म करना स्वीकार किया एवं उसने अपना नाम फैजान पुत्र मुनुद्दीन उम्र 19 साल निवासी ग्राम अल्लीपुर पोस्ट अबुसईदपुर उत्तर प्रदेश का होना बताया बाद आरोपी ने अरविन्द शर्मा के मकान मे किराये से रहना बताया । आरोपी की निशादेही पर कमरे मे रखे बैग से तीन सोने की अँगूठी एवं एक जोडी चाँदी की बिछिया एंव दो मोबाईल फोन बिना सिम के जप्त किये ।

## कलेक्टर श्री अग्रवाल पहुँचे जिला अस्पताल देखी व्यवस्थाए, लिया जायजा, दिए निर्देश

**जिला ब्यूरो प्रमुख मनोज पटेल दैनिक वतन जन आवाज**

कलेक्टर मयंक अग्रवाल ने आज जिला अस्पताल की सारी व्यवस्थाएं देखी। उन्होंने कहा कोई समस्या नहीं हैं, आज से कुछ डॉक्टर हड़ताल पर रहेंगे, मरीजों को कोई दिक्कत ना हो वैकल्पिक व्यवस्था के लिए आयुष डॉक्टर, संविदा डॉक्टर और बंधपत्र डॉक्टर की ड्यूटी यहां पर लगाई गई हैं, वे लगातार काम कर रहे हैं। कल रात व्ही.सी. के माध्यम से मुख्यमंत्री जी द्वारा दिए गए निर्देशो के तहत जनरल वार्ड, प्रसुति वार्ड, आयुष विंग सहित अन्य जगहों का निरीक्षण कर सबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए है। कलेक्टर अग्रवाल द्वारा निरीक्षण उपरांत सीएमएचओ कार्यालय में बैठक ली गई। बैठक में मरीजों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखकर कार्य करने निर्देशित किया गया। इस अवसर पर एसडीएम गगन बिसेन, प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉं तुलसा ठाकुर, सिविल सर्जन राकेश नामदेव, जिला आयुष अधिकारी डॉं राजकुमार पटेल, तहसीलदार जैन सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## भागवत महापुराण यज्ञ में लोगों ने लिया भागवत का आनंद

**जिला ब्यूरो प्रमुख मनोज पटेल**
**दैनिक वतन जन आवाज**

मारुताल में चल रही श्रीमद् भागवत महापुराण यज्ञ के अंतर्गत कथा व्यास पंडित घनश्याम मिश्रा जी के मुखारविंद के द्वारा भगवान द्वारिकाधीश के विवाह का वर्णन किया की भीष्म की पुत्री रुक्मणी जी थी वह द्वारिकाधीश से प्रेम करती थी उन्हें अपने हृदय के द्वारा भगवान को पति के रूप में वर्णन कर चुकी थी पर उनका भाई रुकनी था वह उनकी सगाई शिशुपाल से कराना चाहता था पर उनके पिता का मन तो द्वारिकाधीश के साथ विवाह कराना चाहते थे पर उनके पुत्र के सामने नहीं चली तो रुकमणी ने एक पत्र भेजा द्वारिकाधीश को एक ब्राह्मण के द्वारा और उन्हें भगवान में आपको हृदय से प्रेम करती हूं तो भगवान का कहना है जो मुझे जिस भाव से जो चाहता है मैं भी उसे उसी भाव से चाहता हूं अगर कोई व्यक्ति भगवान की लक्ष्मी से विवाह करने को मन बनाता है तो भगवान स्वयं अपनी लक्ष्मी का हरण कर लेते हैं जैसे शिशुपाल ने रुकमणी से विवाह करना चाहा पर भगवान ने अनेक सैनिकों के बीच से रुक्मणी को हरण कर लिया और शिशुपाल को स्वयं उसी डोली में बैठकर जाना पड़ा जिसमें वह बैठकर आया था तो तो हमें भी विचार करना चाहिए लक्ष्मी तो नारायण की है अगर आप लक्ष्मी प्राप्त करना चाहते हो तो नारायण नारायण से विवाह किया हमें भी हमेशा भगवान या माता लक्ष्मी को माता या पुत्री बनाओ पत्नी नहीं अगर पत्नी बनाओगे तो



के साथ मांगो लक्ष्मी अकेले नहीं अगर आप लक्ष्मी को अकेले मांगेंगे तो लक्ष्मी जी आपको उल्लू बना कर चली जाएगी क्योंकि लक्ष्मी का वाहन है उल्लू जैसे शिशुपाल माता रुक्मणी से विवाह करना चाहता था पर उसे लक्ष्मी जी उल्लू बनाकर शिशुपाल की तरह आप भी रोते ही रह जाओगे हमें हमेशा लक्ष्मी जी को नारायण सहित पूजा करना चाहिए अकेले नहीं अगर अकेले लक्ष्मी पूजा करोगे तो उल्लू बन जाओगे हमेशा भगवान के साथ पूजन करना चाहिए

## शिवपुरी पुलिस द्वारा अंधे कत्ल का किया पर्दाफाश, मृतक की पत्नी से प्रेम प्रसंग के चलते आरोपियों द्वारा सुनियोजित तरीके से मृतक को शराब पार्टी कराकर गाड़ी से कुचल कर हत्या को दिया अंजाम

**जगदीश पाल रिपोटर खनियाधाना**

थाना देहात पर सूचना प्राप्त हुई कि एक अज्ञात पुरुष उम्र करीबन 28 साल का शव कोटा की तरफ जाने वाले फोरलाइन रोड किनारे पर पड़ा हुआ है । जिस पर थाना देहात पर मर्ग क्रमांक 14/23 धारा 174 जाफो कायम कर जांच में लिया गया । मृतक की पहचान वसीम उर्फ भइयो पुत्र मुनब्बर खान उम्र 30 वर्ष निवास कमलागंज घोसीपुरा शिवपुरी के रूप में हुई, पुलिस द्वारा मृतक के शव का पीएम कराकर विवेचना शुरु की गई ।पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री रघुवंश सिंह द्वारा घटना की गंभीरता को देखते हुए घटना का खुलासा करते हुये आरोपियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी के निर्देश दिये । अति. पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री प्रवीण कुमार भूरिया एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्री अजय भार्गव द्वारा थाना प्रभारी देहात को सघन जांच हेतु मार्गदर्शन दिया गया । थाना देहात पुलिस द्वारा जांच में मृतक वसीम खान के परिजन पत्नी, भाई शकील खान, नासिर खान से पूछताछ की गई । परिजनों द्वारा बताया कि मृतक की पत्नी की जुबेर खान निवासी चिलौद से एक साल से दोस्ती है, जुबेर मोहल्ले में आता जाता था इस बात पर से मृतक वसीम खान का गाली गलौच व झगडा जुबेर खान से कई बार हुआ था । जुबेर वसीम को मारने व रास्ते से हटाने की धमकी देता था । दिनांक 25.04.23 को मृतक के मोबाइल पर फोन आया तो मृतक ने घर पर बताया कि जाकिर उर्फ ढल्ला का फोन है दारू पार्टी के लिये बुला रहा है मैं करवला तरफ जा रहा हूं कहकर घर से निकला था । पुलिस द्वारा पूछताछ मे मृतक के भाईयों ने बताया कि उन्हें इदरीस खान व नदीम खान ने बताया कि तुम्हारे भाई वसीम को दिनांक 25.04.23 को शाम को जुबेर खान व जाकिर खान करवला से एक सफेद गाडी में अपने साथ ले जाते दिखे थे । मृतक वसीम उर्फ भइयो खान की मोबाइल डिटेल एवं साक्षियों द्वारा दिये गये साक्ष्य एवं घटनास्थल के परिस्थितिजन्य साक्ष्य के आधार पर मृतक वसीम खान को घर से शराब पीने के बहाने बुलाकर उसे मझेरा फोरलाइन ले जाकर उस पर गाडी चढाकर उसकी हत्या कर हत्या को एक्सीडेन्ट के रूप में दिखाया जाना पाया गया जो प्रथम दृष्ट्या हत्या का अपराध पाया जाने से थाना देहात पर अपराध क्रमांक 122/23 धारा 302, 201, 34 भादवि का आरोपी जुबेर खान पुत्र इब्राहिम खान उम्र 35 साल नि0 कमलागंज घोषीपुरा चिलौद थाना फिजिकल शिवपुरी एवं आरोपी जाकिर उर्फ ढल्ला खान पुत्र तस्लीम उर्फ टीपू खान उम्र 45 साल निवासी कमलागंज घोषीपुरा थाना फिजिकल शिवपुरी के विरुद्ध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया । विवेचना में आरोपियों को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई तो आरोपीगणों द्वारा बताया गया कि जुबेर खान द्वारा मृतक वसीम खान को रास्ते से हटाने के लिये घटना से करीब 15 दिन पूर्व जाकिर खान के साथ मिलकर हत्या का प्लान बनाया था जिसमें मृतक वसीम को करवला पर शराब पिलाकर गाडी चढाकर हत्या करने का प्लान था । जिसके लिये जाकिर खान मृतक वसीम खान को घटना से पूर्व कई बार मिलकर शराब पिलाने लगा था और गहरी दोस्ती कर ली थी । दिनांक 25.04.23 को आरोपी जाकिर खान ने सुबह मृतक वसीम को बुलाकर शराब पिलाई थी और शाम को करवला पर शराब पीने की बात कर ली थी, पुलिस से बचने के लिये दो नई सिमें किसी दूसरे व्यक्ति से मंगबाई थीं एवं एक नया मोबाइल भी खरीदा था कैमरों की नजर से बचने के लिये मृतक वसीम खान को फोन से करवला पहुंचने के लिये बोल दिया था एवं आरोपी जाहिर खान मोटर सायकिल से अकेला दूसरे रास्ते से करवला पहुंचा था करवला पर जाकिर ने वसीम को शराब पिलाई और जुबेर को गाडी लेकर आने को कहा वसीम को ज्यादा नशा होने से चलने की हालत में नहीं रहा था इसलिये उसे करवला पर गाडी से कुचलने का प्लान केन्सिल कर उसे उठाकर गाडी में डालकर मझेरा फोरलाइन ले गये वहां हाइवे किनारे लिटाकर जुबेर और जाकिर ने उस पर कार चढाकर उसकी हत्या कर दी वसीम का मोबाइल व खुद के नये मोबाइल सिम को घसारई के तालाब में फैंक दिये । आरोपीगणों द्वारा हत्या की घटना को पूर्ण सुनियोजित तरीके से अंजाम देना स्वीकार किया । दोनों आरोपीगणों को गिरफ्तार किया जाकर उनसे घटना में प्रयुक्त गाड़ी बरामद की जा चुकी है । इस सुनियोजित अंधे कत्ल का खुलासा करने में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में निरीक्षक विकास यादव थाना प्रभारी थाना देहात , सउनि विनोद गुर्जर ,प्रआर 86 भगवत चतुर्वेदी,प्रआर 264 सुनील जाट,प्रआर 255 हरिकृष्ण यादव,प्रआर 342 मोहन सिंह ,प्रआर देवेन्द्र सेन (सायबर सैल ),प्रआर चालक 486 सुशील जाट,आर 374 गजेन्द्र सिंह ,आर 511 बदन सिंह,आऱ 201 सुनील,आर 182 दिनेश,आर 991 देवेन्द्र,आर 599 ऋषिकेश,आर 563 लाखनसिंह,आर 129 राघवेन्द्र सिंह,आर 246 मनोज गौड,आर चालक 259 शरद यादव की अहम भूमिका रही ।

# लाड़ली लक्ष्मी योजना अंतर्गत लाड़ली लक्ष्मी दिवस का उत्सव के रूप में हुआ आयोजन

## जिले की 90 लाड़ली लक्ष्मी बालिकाओं को वितरित किये आश्वासन प्रमाण पत्र

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के मुख्य आतिथ्य में लाड़ली लक्ष्मी योजना अंतर्गत लाड़ली लक्ष्मी दिवस का उत्सव के रूप में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का वेबकास्ट लिंक के माध्यम से सीधा प्रसारण कलेक्टर कार्यालय भिण्ड के सभागार में देखा एवं सुना गया। इस दौरान कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस, महिला एवं बाल विकास अधिकारी अब्दुल गफ्फार सहित अन्य अधिकारी, लाड़ली बालिकाएं उपस्थित रहीं।लाड़ली लक्ष्मी उत्सव अंतर्गत कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं कन्या पूजन कर किया गया। कार्यक्रम अंतर्गत लाड़ली लक्ष्मी बालिकाओं को आश्वासन प्रमाण पत्र वितरित किये





गए। लाड़ली लक्ष्मी उत्सव अंतर्गत लाड़ली बालिकाओं द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में लाड़ली उपवन में पौधारोपण किये गए।लाड़ली लक्ष्मी उत्सव अंतर्गत जिला स्तर पर एवं विकासखण्ड स्तर पर, समस्त नगरीय निकायों तथा ग्राम स्तर, आंगनबाडी केन्द्रों में मुख्यमंत्री के मुख्य आतिथ्य में लाड़ली लक्ष्मी योजना अंतर्गत लाड़ली लक्ष्मी दिवस का उत्सव के रूप में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का वेबकास्ट लिंक के माध्यम से सीधा प्रसारण को देखा एवं सुना गया। लाड़ली लक्ष्मी उत्सव कार्यक्रम अंतर्गत लाड़ली बालिकाओं का उद्बोधन, उत्कृष्ट कार्य करने वाली बालिकाओं का सम्मान, लाड़ली लक्ष्मी फ्रेन्डली पंचायतों का सम्मान, जिले की 90 लाड़ली लक्ष्मी बालिकाओं को आश्वासन प्रमाण पत्र वितरित किये गये, लाड़ली बालिकाओं के द्वारा प्रतिभा का प्रदर्शन, संगीत एवं अन्य सांस्कृतिक गतिविधियां आदि आयोजित की गईं।

# धर्मगुरू दीवान माधवसिंह के करकमलों द्वारा स्कूल बस का उद्घाटन

**पुष्पाजंली टुडे / नारायणलाल सेंणचा**

**पाली ।**स्कूल बस के भामाशाह बाबूलाल कानाराम लचेटा गिराली ने श्री वारा माताजी मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के भव्य समारोह के शुभ अवसर पर स्स्कूलस्कूल के लिए बस का उदघाटन श्री आई पथ धर्मगुरु दीवान साहब माधव सिंह के कर कमलों द्वारा किया गया। इस शुभ अवसर पर श्री आईजी शिक्षण संस्थान के प्रतिनिधि मण्डल के कोषाध्यक्ष राणाराम उपाध्यक्ष प्रमोद एन नाथाराम सरथुर, शिक्षा समिति अध्यक्ष उम्मेद ,उपाध्यक्ष प्रभुराम, सुजाराम ,भभूताराम ,मांगीलाल एव समस्त कार्यकारिणी श्री आईजी शिक्षण संस्थान, रानी को दीवान साहब के कर कमलों से बस विद्यालय को सुपुर्द की। इसी शुभ अवसर पर बाली विधायक पुष्पेंद्र सिंह राणावत,और समस्त लचेटा परिवार गिराली और समस्त सौताला देसूरी व बाली के पंचगणों की उपस्थिति सहभागिता निभाई। इस शुभ अवसर पर प्रभुराम ने ग्रामीणों का आभार प्रकट किया और विद्यालय के लिए नामांकन पर भी विशेष निवेदन किया।



# एक शाम मां चामुंडा के नाम..



**पुष्पाजंली टुडे**

**पाली।**राजपुरोहित नवयुवक मंडल सेवा समिति मोहराई के तत्वावधान में चामुंडा माता मंदिर का 28 वां. वार्षिकोत्सव मनाते हुए एक शाम मां चामुंडा के नाम विशाल भजन संध्या का आयोजन रखा गया द्य सर्व प्रथम माँ चामुंडा की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर ज्योत प्रज्वलित कर विधिवत पूजा अर्चना की गई द्य बाद में भजन कलाकार ने गणेश वंदना से धर्मसभा का शुभारंभ कर राजस्थानी मायड़ भाषा में लोक भजनो की प्रस्तुति दी द्य भजनो का दौरा रात तक चलता रहा द्य धर्मसभा के मुख्य अतिथि रामासनी बाला,होंगोला निवासी व हाल मैसूरु जिला के बनूर निवासी समाजसेवी डॉ.महेन्द्र सिंह राजपुरोहित (कालप्पा) का साड़ा-माला पहनाकर समाज की ओर से सम्मानित कर उत्कृष्ट कार्य कर पर सराहना की गई द्य मंदिर विकास हेतु चढावे बोले गए द्य इस अवसर पर संरक्षक तेजसिंह हाल तिरपुर-मोहराई,गौशाला संचालक बाबू सिंह बेंगलुरु- मोहराई,ढगल सिंह बेंगलुरु- मोहराई,हीरसिह हाल मदुराई- मोहराई,पुख सिह हाल हैदराबाद-मोहराई,प्रेम सिंह (पपसा) हाल चेन्नई-मोहराई,कालू सिह हाल बेंगलुरु-मोहराई, अमरसिंह गुलर,भंवर सिह राजपुरोहित सागावास -जैतारण, बुधसिंह मोहराई, पुखसिह हाल मदुराई-मोहराई,किरण सिंह हाल बेंगलुरु-मोहराई,ओम सिंह बेंगलुरु-मोहराई,गोप सिंह सुमेरपुर-मोहराई,सुखदेव सिंह मोहराई,ओम सिंह मोहराई, मोती सिंह मैसूरु-मोहराई,गोविंद सिंह बेंगलुरु-मोहराई सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे

# 12 को भक्ति संध्या 13 को मेला महोत्सव

**पुष्पाजंली टुडे**

**पाली।**सरथुर मेला महोत्सव का आगाज 12 मई की शाम को एक शाम विशाल भक्ति संध्या के साथ होगा। भक्ति संध्या में राजस्थान की सुप्रसिद्ध भजन गायिका आशा वैष्णव (अहमदाबाद) अपनी पूरी टीम के साथ भगवान शिव के चरणों में सगीतमय शब्दों के पुष्प अर्पित करेंगे। भक्ति संध्या के दौरान मनोज रिया एंड पार्टी दिल्ली द्वारा विभिन्न देवी-देवताओं की मन मोहक झांकियों सहित भगवान शिव के रूद्र अवतार की झांकी शिव भक्तों को भाव विभोर कर देगीद्य देर रात तक चलने वाली इस भक्ति संध्या में बड़ी संख्या में शिव भक्त मौजूद रहेंगे, वही दूसरे दिन शनिवार 13 मई को सुबह गाजे बाजे के साथ भव्य शोभा यात्रा का आयोजन होगा जो आयोजक नरेंद्र चौधरी के घर से शुरु होकर गांव के विभिन्न मार्गो से होते हुए दुदेश्वर महादेव मंदिर पहुंचेगी, शोभा यात्रा मे राजस्थान संस्कृति की प्रसिद्ध गैर डांस का भव्य नृत्य नजारा मनमोह लेगा। मंदिर में विशेष पूजा अर्चना के पश्यात मंदिर के शिखर पर ध्वजा रोहण के बाद मेला महोत्सव का शुभारम्भ होगा। मेले महोत्सव में आने वाले तमाम शिव भक्तों के लिए आयोजक मंडल द्वारा महाप्रसादी की व्यवस्था होगी जिससे आने वाले सभी शिव भक्त महाप्रसादी का लाभ ले सकेंगे। आयोजक नरेंद्र भाई चौधरी लचेटा परिवार व् 36 कौम ग्रामवासियों द्वारा आयोजित इस आयोजन को भव्य बनाने को लेकर ग्राम सरपंच गोविन्दपूरी गोस्वामी, कैलाश चौधरी, हरीश कुमावत सहित 36 कौम के सरथुर ग्रामवासी तैयारियों में जुटे हुए

# भिण्ड कांग्रेस अध्यक्ष ने कमिश्नर को जिले की जनसमस्याओं से अवगत कराया



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर ।** भिण्ड जिला कांग्रेस कमेटी जिला अध्यक्ष मानसिंह कुशवाहा ने चंबल संभाग कमिश्नर दीपक सिंह से सौजन्य भेंट कर भिण्ड जिले की जनसमस्याओं की जानकारी देते हुए, जिले में चल रही गतिविधियों के बारे में चर्चा की। चम्बल संभाग कमिश्नर श्री सिंह ने कांग्रेस अध्यक्ष श्री कुशवाहा को जिले की जनसमस्याओं को जल्द से जल्द दूर कराने का आश्वासन दिया।

## शिवाजी पब्लिक स्कूल संचालक की नई पहल

# बच्चों के घर जाकर मना रहे हैं बच्चों का जन्मदिन





**दैनिक पुष्पांजली टुड**
**` संवाददाता मालनपुर**
**पहलवान सिंह राजावत**

**मालनपुर भिंड** ग्वालियर सीमा पर स्थित शिवाजी पब्लिक स्कूल के संचालक वरिष्ठ समाजसेवी दिनेश सिंह परिहार उर्फ बंटू विद्यालय में पढ़ रहे बच्चों का जन्मदिन बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाते हैंद्य अभी विद्यालय की छुट्टियां चल रही है ऐसे समय में जिन छात्रों के जन्मदिन हे तो विद्यालय संचालक स्वयं ही छात्रों के घर पहुंच कर उनके परिजनों के साथ केक काटकर बच्चों का जन्मदिन मना रहे हैं और नन्हे मुन्ने छात्रों को उपहार भेंट कर उनकी दीर्घायु और उज्जवल भविष्य की कामना कर रहे हैंद्य एवं मिठाई भी बांट रहे हैं इस बीच वह परिजनों से छात्रों की पढ़ाई को लेकर भी चर्चा करते हैं वह कहते हैं कि छुट्टियों के समय में बच्चों के खेलकूद के साथ-साथ पढ़ाई का भी ध्यान रखें चाहिए क्योंकि सब कुछ वट सकता है धन-दौलत कपड़ा मकान दुकान लेकिन शिक्षा कभी वटती नहीं है इसी लिए बच्चों मन लगाकर पढ़ाई करते रहो छुट्टियों के समय में आप घर पर रहकर पढ़ाई पर विशेष ध्यान दें मैं आपसे उम्मीद करता हूं कि आप अच्छे से पढ़ाई कर अपने विद्यालय एवं माता-पिता का नाम रोशन करेंगे पूरे जिले में लगभग तीन सैकड़ा से ज्यादा निजी स्कूल संचालित हो रहे हैं लेकिन शिवाजी पब्लिक स्कूल जैसी पहल किसी भी स्कूल की नहीं है कई पुनीत कार्यो में भी समाजसेवी परिहार बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हैंविद्यालय संचालक छात्रों की शिक्षा और उज्जवल भविष्य के लिए कुछ न कुछ नया करते रहते हैंद्य वह अपने विद्यालय में बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ धार्मिक सांस्कृति का ज्ञान भी कराते हैंद्य वह समय-समय पर बच्चों को धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों पर भी निजी खर्चे पर घुमाने ले जाते हैं और उनसे जुड़े कहानी ,किस्से एवं पुरानी बातों को बच्चों को बताते हे वह बच्चों के लिए विद्यालय में ही धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कराते हैं जिससे बच्चे धर्म और संस्कृति के बारे में भी जान सकेद्य बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास के लिए विद्यालय में खेलकूद और योगा जैसे कार्यक्रम भी कराए जाते है जब विद्यालय में पढ़ाई सुरू होते है मंगलवार और शनिवार को हनुमान चालीसा का पाठ कराया जाता है

# सरथुर मेला महोत्सव का आगाज 12 से

## शोभा यात्रा व् गैर नृत्य होगा आकर्षण का केंद्र




पाली जिले के गांव सरथुर में नीलकंठ पर्वत पर स्थित श्री दुदेश्वर महादेव मंदिर प्राणप्रतिष्ठा की छठवीं वर्षगांठ के उपलक्ष में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भव्य मेला महोत्सव व् एक शाम श्री दुदेश्वर महादेव के नाम विशाल भक्ति संध्या का आयोजन होगा। जिसमे बड़ी संख्या में शिव भक्त उपस्तिथ रहेंगे। आयोजन को लेकर आसपास के ग्रामवासीयों सहित शिव भक्तों में जबरदस्त उत्साह और उमंग की लहर देखी जा रही है। विशाल भक्ति संध्या, भव्य शोभा यात्रा व् मनमोहक पारम्परिक राजस्थानी गैर नृत्य होगा आकर्षण केंद्र।

# गोहद न्यायालय परिसर में स्टेनों के साथ 4 लोगों ने की मारपीट शासकीय कार्य में पहुंचाई बाधा

गोहद थाना क्षेत्र के अंतर्गत न्यायालय परिसर में एडीजे के स्टेनो भास्कर त्रिवेदी के साथ महिलाओं सहित चार लोगों ने मारपीट करते हुए शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाई जिसपर फरियादी द्वारा गोहद थाने में आवेदन दिया गया आवेदन के आधार पर 4 लोगों के खिलाफ गोहद पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया जानकारी के अनुसार फरियादी भास्कर राव पुत्र आर एस त्रिवेदी निवासी सिविल न्यायालय गोहद ने आवेदन के माध्यम से पुलिस को बताया कि आरोपी गढ़ दीप्ति दीक्षा शिवम खटीक एवं वीरेंद्र निवासी गढ़ ऐचाया रोड गोहद द्वारा न्यायालय परिसर में आरोपी गणों द्वारा आपस में झगड़ा किया जा रहा था जब झगड़ा करने वाले लोगों को समझाने की कोशिश की तभी आरोपियों ने मारपीट कर दी जिस पर गोहद पुलिस ने धारा 353 324 323 228 आईपीसी के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया है

# जिले के 1470 बूथ केंद्रों पर भाजपा चलाएगी विजय संकल्प अभियान

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा के निर्देशों पर 4 मई 14 मई चलने वाले बूथ संकल्प अभियान जिले के 1470 बूथों पर चलाया जाएगा। जिसकी तैयारियों को लेकर जिला संगठन प्रभारी जयप्रकाश राजौरिया एवं जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया ने सभी 26 मंडलों के अध्यक्षों से वर्चुअल बैठक के माध्यम से कार्यक्रम को प्रभावी बनाने के लिए दिशानिर्देश किए और कहा कि जिला एवं विधानसभा मंडल स्तर पर समितियों का गठन किया जाएगा।श्री राजौरिया एवं श्री नरवरिया ने संयुक्त रूप से वर्चुअल बैठक के माध्यम से मंडल अध्यक्षों को बताया 22 करणीय संगठनात्मक कार्यों के बारे में बताएं जिसमें बूथ पर रहने वाले वरिष्ठ नेताओं की भूमिका बूथ की सशक्तिकरण, मतदाता सूची के पन्ना के अनुसार पन्ना समिति एक प्रमुख कम से कम चार पांच सदस्य जोड़ना है पन्ना समिति के अंतर्गत आने वाले परिवारों मतदाताओं के संपर्क में रहें अपने बूथ केंद्र के अंतर्गत बस्तियों गांव मजरा टोला में परिवार की बैठक आयोजित करना, पार्टी के मंशा अनुसार 70 से 75 प्रतिशत सतत वोट मिलने वाला बूथ को ए प्लस





पूछ बनाना, अपने बूथ को सर्वव्यापी और सर्व स्पर्शी बनाना, नव मतदाताओं को पार्टी की विचारधारा से जोड़ना जिसके लिए प्रत्येक बूथ पर अभियान चलाना कर उन्हें अपनी और पार्टी की संस्था दिलाना, केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को अलग-अलग सूची बनाएं और उनसे संपर्क करें, बूथ पर विचार परिवारों के कार्यकर्ताओं से नियमित संपर्क व्यवस्था बनाना जिन्हें हम कार्यकर्ता अपनी अहम जिम्मेदारी के साथ लक्ष्य को पूर्ण करते हुए आगे बढ़ कर आगामी चुनाव में पार्टी को विजयश्री दिलाने के लिए कार्य करें हम सब भारतीय जनता पार्टी के अनुशासित और समर्पित भाव से काम करने वाले कार्य करता है।श्री राजौरिया एवं श्री नरवरिया ने वर्चुअल बैठक में मंडल अध्यक्षों को स्पष्ट रूप से निर्देशित करते हुए कहा कि संगठन के काम में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाए भारतीय जनता पार्टी के हम सब निष्ठावान कार्यकर्ता हैं और भूत को केंद्रित करते हुए सभी संगठनात्मक कार्यक्रमों को प्रभावी बनाकर अपनी ताकत को मजबूत करें और उन्होंने कहा कि प्रत्येक बूथ पर विजय संकल्प अभियान प्रारंभ किया जा रहा है यह कार्यक्रम प्रभावी रूप से सभी बूथ। पर संपन्न हो जिसकी व्यवस्था जिला एवं मंडल विधानसभा पर बनने वाली समिति के साथ बैठकर बनाना है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश प्रभारी मुरलीधर राव ने भी कार्यकर्ताओं को स्पष्ट रूप से कहा की विजय संकल्प अभियान के माध्यम से कार्यकर्ता प्रत्येक घर घर में पहुंचे इसके लिए हम अपने बूथ को पूर्ण रूप से सजग बनाकर कार्यक्रम को संपन्न कराएं और उन्होंने कहा कि 51प्रतिशत वोट हमें लाना चाहिए तभी हम 200 प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि 80 वर्ष व दिव्यांग को घर पर ही वोट डालने का अधिकार है जिन्हें भी हम अपनी पार्टी की विचारधारा से जोड़कर उन्हें सरकारी योजना का लाभ दिलाने के लिए कार्य करें । बैठक में बताया कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा कार्यकर्ताओं को से कहा कि सबसे अधिक प्रवास हमें अपने बूथ पर करना चाहिए गरीब कल्याण योजना से गरीबों का कल्याण चुनाव की जीत का आधार बूथ की समिति है।उन्होंने मंडल अध्यक्षों से कहा कि बूथ संकल्प अभियान की विशेष तैयारी को लेकर मंडल स्तर पर स्थानीय समितियों के साथ बैठक आयोजित कर इस कार्यक्रम को प्रभावी बनाएं साथ ही आपके बूथ पर वक्ता भी पहुंचेंगे जो पार्टी की विचारधारा से हम सब कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करेंगे। बैठक में चल रहे मंडलों में बूथ सशक्तिकरण अभियान की भी समीक्षा की गई और कहा कि जो काम अधूरा है उसे तत्काल मंडल अध्यक्ष समय सीमा में पूर्ण रूप से संपन्न कराएं। वर्चुअल बैठक का संचालन जिला उपाध्यक्ष उपेंद्र शर्मा द्वारा किया गया और आभार व्यक्त जिला कार्यालय मंत्री आरपी सिंह बघेल एडवोकेट द्वारा किया गया।

# खतरे का मुकाबला नीतिगत दृढ़ता से संभव



जलवायु परिवर्तन के खतरे दिन-ब-दिन भयावह होते जा रहे हैं। जहां समूची दुनिया में लाख कोशिशों के बावजूद बीते साल कार्बन डाइऑक्साइड का उत्सर्जन सर्वाधिक रहा, उसने कीर्तिमान बनाया। उस स्थिति में जबकि बीते बरसों में वैश्विक स्तर पर कार्बन डाइऑक्साइड के उत्सर्जन को रोकने के प्रयासों के तहत पवन व सौर ऊर्जा के साथ-साथ ही इलेक्ट्रिक वाहनों के इस्तेमाल में खासी बढ़ोतरी दर्ज की गयी है। यह भी कि सौर ऊर्जा तथा इलेक्ट्रिक वाहनों के इस्तेमाल ने कार्बन डाइऑक्साइड के उत्सर्जन में कमी लाने में काफी योगदान दिया है। इन सब कोशिशों और अक्षय स्रोतों में बढ़ोतरी के बावजूद बीते साल कार्बन डाइऑक्साइड का उत्सर्जन 0.9 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 36.8 अरब टन हो गया जो कि तीन-चौथाई से भी ज्यादा ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन के लिए जिम्मेदार है। दरअसल, दुनिया में जीवाश्म ईंधन से बढ़ता उत्सर्जन जलवायु लक्ष्यों को पूरा करने की दिशा में सबसे बड़ी बाधा है।

इसके पीछे हवाई यात्रा में वृद्धि और गैस की कमी से कोयले के इस्तेमाल में हो रही बढ़ोतरी को नकारा नहीं जा सकता। गौरतलब है कि कार्बन डाइऑक्साइड के उत्सर्जन में बढ़ोतरी के लिए तेल का योगदान सबसे अधिक माना जाता रहा है। इसमें हुई 2.5 फीसदी की बढ़ोतरी में लगभग आधी बढ़ोतरी हवाई यात्रा में हुई बढ़ोतरी के कारण है। पिछले साल सख्त कोविड नियमों के कारण चीन का कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन गिर गया था लेकिन इसके विपरीत अन्य उभरती और एशियाई विकासशील अर्थव्यवस्था के आर्थिक विकास के कारण इसके उत्सर्जन में 4.2 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। यह स्वच्छ ऊर्जा के इस्तेमाल का ही नतीजा है कि कार्बन डाइऑक्साइड के उत्सर्जन पर अंकुश लगा वरना यह लगभग तीन गुणा से भी ज्यादा होता। आंकड़े और अध्ययन प्रमाण हैं कि कोयले के इस्तेमाल से कार्बन डाइऑक्साइड का उत्सर्जन बीते साल यानी 2022 में 1.6 फीसदी बढ़ा। इसमें रूस-यूक्रेन युद्ध के योगदान को नकारा नहीं जा सकता। रूस-यूक्रेन युद्ध और रूसी गैस की आपूर्ति में आई भीषण कमी के कारण बहुतेरे यूरोपीय देशों ने भी ऐसे ईंधन का इस्तेमाल करना शुरू कर दिया । वहीं गैस की कीमतों में आयी बढ़ोतरी के कारण कई एशियाई देशों ने भी यूरोपीय देशों का अनुसरण करना शुरू कर दिया था जिसका परिणाम सामने है। जलवायु परिवर्तन से कृषि, खाद्यान्न, पानी व इंसान के जीने के लाले पड़ने और भीषण आपदाओं का अंदेशा है। दुनिया के वैज्ञानिक इसके संकेत सालों से दे रहे हैं। लेकिन अब नदियां भी सूखने लगी हैं। इटली की सबसे बड़ी नदी 'पो' इसकी जीती-जागती मिसाल है जो लगातार सूखती जा रही है। असलियत यह है कि 652 किलोमीटर लम्बी इस नदी के लगभग 75 फीसदी हिस्से से पानी खत्म हो चुका है। इसका एक अहम कारण आल्प्स के पहाड़ों पर बर्फ का न होना है। इसके साथ ही तापमान में बढ़ोतरी व तेजी से बदलाव तथा वर्षा चक्र में असंतुलन ने इंसान और जानवरों के बीच के संघर्ष को तकरीबन 80 फीसदी बढ़ाने का काम किया है। वाशिंगटन यूनिवर्सिटी के शोध- अध्ययनों ने इस तथ्य को प्रमाणित किया है। अध्ययन सबूत हैं कि इंसानों और जानवरों के बीच संघर्ष बीते 10 साल में पिछले दो दशक के मुकाबले चार गुणा तक बढ़ गये हैं। यह संघर्ष मैदानी इलाकों, जंगलों तक सीमित नहीं रहा है, बल्कि अब यह समुद्री जीवों और इंसानों में भी तेजी से बढ़ रहा है। समुद्र में जहाजों की बेतहाशा तादाद ने जहाजों और व्हेल के संघर्ष को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई है। तंजानिया में तो सूखे के कारण वहां पानी और खाने की तलाश में हाथी उग्र हो रहे हैं। असल में जानवर तेजी से हो रहे इस बदलाव को स्वीकारने को तैयार नहीं हैं। देखा जा रहा है कि अब हाथी ही नहीं, दूसरे जानवरों के इंसानों से संघर्ष की घटनाएं अब पहले से ज्यादा बढ़ी हैं। इसका अहम कारण जलवायु परिवर्तन के चलते हर जीव का जीवन प्रभावित होना है। वहीं खाने और पीने के पानी के बढ़ते संकट के कारण दोनों के बीच टकराव में बढ़ोतरी और जंगलों में इंसान के बढ़ते हस्तक्षेप-घुसपैठ से जीवों के आवास स्थलों की बर्बादी अहम है। हमारे देश की स्थिति भी भिन्न नहीं है।

इसमें दो राय नहीं कि ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन के लिए दुनिया के 10 फीसदी सबसे धनी देश सर्वाधिक जिम्मेदार हैं जो 45 फीसदी ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन कर रहे हैं। जबकि 50 फीसदी लोग जो जलवायु परिवर्तन के सबसे बुरे नतीजों को भुगत रहे हैं, वे ग्रीन हाउस गैसों के कुल उत्सर्जन के मात्र 15 फीसदी के लिए ही जिम्मेदार हैं। इस असमानता और अन्याय को रोकने के लिए इंटरगवर्मेंटल पैनल फॉर क्लाइमेट चेंज (आईपीसीसी) ने दुनिया से अपील की है। इस बारे में जहां तक भारत का सवाल है, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की प्रबंध निदेशक क्रिस्टालिना जार्जीवा की मानें तो 2070 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य निर्धारित करने वाला भारत उस महत्वाकांक्षी लक्ष्य को समय से पहले हासिल कर सकता है। इस दिशा में ऊर्जा के मुख्य स्रोत के रूप में सौर ऊर्जा के उपयोग और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सौर गठबंधन के माध्यम से इसे वैश्विक स्तर तक ले जाने के भारत के प्रयासों से प्रतीत होता है कि जलवायु परिवर्तन के संकट से लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। यह तभी संभव है जबकि मौजूदा संसाधनों का सही रूप से रणनीतिक इस्तेमाल किया जाये। इससे जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न खतरे को काफी कम किया जा सकता है। इसमें नीतिगत अवरोधों को दूर करना बेहद जरूरी है।

## संपादकीय

# घृणा की भाषा



लंबे समय से राजनेताओं व कार्यकर्ताओं के अभद्र भाषा वाले बयान हर जिम्मेदार नागरिक को परेशान करते रहे हैं। देश का जनमानस यह देखकर परेशान तो था लेकिन कुछ करने की स्थिति में नजर नहीं आया। घृणा फैलाने वाले बयानों की लगातार हो रही आवृत्ति को देखकर चिंतित सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों को निर्देश दिया है कि वे घृणा फैलाने वालों के खिलाफ तत्काल प्रभाव से मुकदमा दर्ज करें, अब चाहे इस बाबत कोई मामला दर्ज न भी करे। वैसे यह पहली बार नहीं है कि शीर्ष अदालत ने देश की गंगा-जमुनी संस्कृति को ठेस पहुंचाने की कोशिशों को लेकर अप्रसन्नता जाहिर की हो। यहां तक कि पिछले माह इस तरह की अभद्र भाषा को एक 'दुश्चक्र% बताया था। साथ ही अचरज व्यक्त किया था कि अब तक देश के राज्य इस तरह की प्रवृत्ति पर रोक लगाने के लिये कोई कारगर तंत्र क्यों विकसित नहीं कर पाये। निस्संदेह, किसी भी समृद्ध लोकतंत्र के लिये अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता अपरिहार्य है। जो किसी समाज को जीवंत बनाये रखने तथा पुष्पित-पल्लवित करने के लिये जरूरी शर्त है। यह हमारा संवैधानिक अधिकार भी है। संविधान का अनुच्छेद 19(1)ए सभी नागरिकों को भाषण तथा अभिव्यक्ति की आजादी की गारंटी भी देता है। लेकिन यह आजादी स्वच्छंद व्यवहार की अनुमति नहीं देती। दूसरी ओर संविधान का अनुच्छेद 19(2) राज्य को सात आधारों पर निरंकुश अभिव्यक्ति पर जरूरी अंकुश लगाने के लिये कानून का उपयोग करने के लिये अधिकृत भी करता है। यदि किसी की अभिव्यक्ति से देश की संप्रभुता और अखंडता, राज्य की सुरक्षा, विदेशी राज्य के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध, सार्वजनिक व्यवस्था, शालीनता या नैतिकता, अदालत की अवमानना, मानहानि या किसी अपराध के प्रति उकसाने की कोशिश होती है तो राज्य को दखल देने का अधिकार मिला है। कहने का अभिप्राय- यह है कि हमें अभिव्यक्ति की आजादी तो मिली है,लेकिन वह असीमित नहीं है। जरूरत पड़ने पर उसे नियंत्रित किया जा सकता है। दरअसल, हाल के दिनों में मुख्य समस्या धर्म व राजनीति के घालमेल से उत्पन्न हुई है। यह भी तथ्य है कि अभद्र भाषा की कोई सटीक परिभाषा नहीं होती, यही वजह है कि राजनेता अपने बयानों की सुविधानुसार व्याख्या करके अपने बचाव के रास्ते तलाश लेते हैं। विडंबना यह भी है कि अकसर राज्य भारतीय दंड संहिता और अन्य कानूनी प्रावधानों को लागू करने के लिये राजनीतिक हितों के चलते पक्षपातपूर्ण तौर-तरीकों का इस्तेमाल करते हैं। जिसके चलते नफरत फैलाने वाले बचाव के रास्ते निकाल लेते हैं। दरअसल, सही अर्थों में अभिव्यक्ति की आजादी के मायने हैं उन विचारों की आजादी जो एक स्वस्थ बहस और बौद्धिक विमर्श का संवर्धन करते हैं। वैसे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार का प्रयोग करने पर किसी पर मुकदमा नहीं चलाया जा सकता। लेकिन यदि द्वेषपूर्ण भाषण की प्रकृति समाज में अलगाव के बीज बोती नजर आती है, तो उसे दंडात्मक प्रावधानों के जरिये नियंत्रित किया जा सकता है। निस्संदेह, इस तरह के बयान समाज में वैमनस्य और हिंसा को बढ़ावा देते हैं। दरअसल, संयुक्त राष्ट्र की अभद्र भाषा पर रणनीति और कार्ययोजना के अनुसार, वह भाषण जो किसी व्यक्ति या समूह पर जातीय मूल, धर्म, नस्ल, विकलांगता,यौन स्वरूप पर हमला करता है तो वह अपराध की श्रेणी में माना जा सकता है। वहीं सुप्रीम कोर्ट द्वारा इस बाबत दिया गया आदेश स्वागत योग्य है कि बिना शिकायत के प्राथमिकी दर्ज की जानी चाहिए। लेकिन दूसरी ओर पुलिस को बिना शिकायत के अभद्र भाषा का प्रयोग करने वालों पर मुकदमा दर्ज करने का आदेश कई तरह की चिंताओं को भी बढ़ाता है। आशंका जतायी जा रही हैं कि कहीं अपने विरोधियों को सबक सिखाने के लिये राज्य सरकारें इस छूट का दुरुपयोग न करने लगें। आशा की जानी चाहिए कि इस तरह की आशंकाओं को देखते हुए शीर्ष अदालत फैसले पर मंथन करेगी। विशेषकर इस साल होने वाले कुछ विधानसभा चुनावों और आम चुनाव से पहले ऐसी पहल होगी तो उसका सकारात्मक प्रतिसाद मिलेगा।

# मोहमाया से मोक्ष और लाइक लिप्सा

कास्ट कटिंग, सस्ती सर्विस के मसले हर जगह हैं। आफत यह है कि माल बेचना है और साथ में सोशल मीडिया पर व्यूज और लाइक भी बटोरने हैं। कई कंपनियों ने अलिखित नियम बना लिया है कि उस इंप्लाई को बेहतर प्रमोशन मिलेगा जिसके यूट्यूब वीडियो, फेसबुक पोस्ट पर बहुत सारे व्यूज और लाइक आयेंगे। मतलब हाल यह हो गया बड़का बड़का क्रांतिकारी भी गिड़गिड़ाते हैं यूट्यूब पर कि माईबाप लाइक कर दो, शेयर कर दो। कर दो जी। सारी क्रांतिकारिता लाइक-लिप्सा में दफन हो जाती है। क्या-क्या वक्त दिखायेगा वक्त। सपने में मेरे कल एक यमदूत आया और बोला, मेरे यूट्यूब चैनल को लाइक कर दीजिये, वरना हो सकता है कि अगली कास्ट कटिंग में मेरी नौकरी चली जाये। कास्ट कटिंग सब जगह हो रही है। लाइक सबको चाहिए। बताइये यमदूतों को भी लाइक चाहिए। हमारी जान ले रहे हैं, फिर भी चाहते हैं कि इन्हें लाइक करें। लाइक कीजिये और शेयर कीजिये- इस तरह के आह्वान लगातार सोशल मीडिया पर आते हैं। इधर मैंने एक पॉलिसी बना ली है कि या तो लाइक करवा लो या सचमुच में दिखवा लो।




दोनों काम एक साथ करना बहुत कष्टकारी है। इतने वीडियो और इतनी तरह के वीडियो आ रहे हैं कि बंदा अगर देखने में ही बिजी हो जाये तो लाइक करने का टाइम न बचेगा। तो सीधे लाइक ही कर देना चाहिए, इसमें समस्या सिर्फ एक ही है। कई बार ऐसे वीडियो लाइक हो जाते हैं, जो दरअसल लाइक नहीं होने चाहिए। पब्लिक का कैरेक्टर ऐसा हो गया है कि वह ऐसे वीडियो की ओर लपकती है- जेब कैसे काटें, रहजनी कैसे करें। तो पब्लिक को फंसाने के लिए ऊपर कोई और बात बोली जाती है और अंदर कोई और बात बोली जाती है। यानी नेताओं की बात जैसी हो गई। लाइक का बहुत लफड़ा है। महान बाबा सुपर प्रवचनकारी एक तरफ बता रहा होता है कि सब माया मोह है, फिर वही कह रहा होता है कि प्लीज मेरे वीडियो को लाइक कर दो। मुझे लगता है कि मोक्ष के नये पैमाने अगर बनें तो उनमें एक यह होगा कि जो बंदा लाइक-लिप्सा से ऊपर उठ जायेगा, वही मोक्ष का अधिकारी होगा। लाइक-लिप्सा से पार जाना उसके लिए भी संभव नहीं होता, जो हर किस्म की लिप्सा के विरोध में प्रवचन दे रहा होता है।

# सुखद कल के लिए आबादी नियंत्रण ही हल

'हमारे बच्चे हमारी जिम्मेदारी है चाहे वह पांच हों या आठ, इससे किसी को भी फर्क नहीं पड़ना चाहिए। हम जब अपने बच्चों के लिए समाज या देश से कुछ मांग नहीं रहे हैं तो इस पर किसी को भी प्रश्न उठाने का अधिकार नहीं है' गाहे-बगाहे यह बात सुनने को मिलती है। क्या वाकई यह आपत्ति तार्किक है? 'जनसंख्या के बढ़ने या घटने से हमारे बच्चों के जीवन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ने वाला' इस सोच के लोगों को कुछ सत्यों से जरूर परिचित होना चाहिए। अब जब हम 2023 में चीन को पीछे छोड़ते हुए दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश बनने जा रहे हैं तो 'इससे हमें क्या'? यह उत्तर देने वालों की संख्या काफी है क्योंकि वे नहीं जानते कि हर बच्चे के आने से व्यवस्था पर भार बढ़ता है। जनसंख्या नियंत्रण को सामूहिक दायित्व नहीं मानने वालों को बेरोजगारी के मुद्दे पर होने वाले प्रदर्शनों को अवश्य याद करना चाहिए। इसके लिए सरकारों को कोसने के सच से सामना करें कि जिस गति से जनसंख्या बढ़ रही है उस गति से संसाधनों का बनना असंभव है। दरअसल, जब एक बच्चा इस धरती पर जन्म लेता है तो जन्मते ही देश से कुछ अपेक्षाएं रखता है। बेहतर स्वास्थ्य के लिए उत्कृष्ट चिकित्सा सुविधाएं, गुणवत्तापूर्ण भोजन, स्कूल, खेल के मैदान, युवा होते ही रोजगार और इन सबसे जरूरी एक स्वच्छ पर्यावरण जहां वह सांस ले सके। निस्संदेह, बढ़ती जनसंख्या का भार सबसे पहले स्वच्छ पर्यावरण को दूषित करता है। वह आप से स्वच्छ वायु छीनता है। चाहे आप धनाढ्य क्यों न हों, लाख चिकित्सकीय सुविधाओं को एकत्र करने में सक्षम हों फिर भी आप की जीवन प्रत्याशा कम होने की आशंका रहेगी। एनर्जी पॉलिसी इंस्टीट्यूट एट यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो की हालिया रिपोर्ट बताती है कि वायु प्रदूषण ने भारत में जीवन की गुणवत्ता और लंबी आयु को नकारात्मक रूप से प्रभावित किया है। दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों में पहले और दूसरे स्थान पर भारत के दो शहर हैं। एपीआईसी के ऊर्जा नीति संस्थान की रिपोर्ट बताती है कि वायु प्रदूषण से दिल्ली में मानव जीवन प्रत्याशा दस साल कम हुई है। वहीं पूरे भारत में यह पांच साल घट गई है। हम अपनी जिम्मेदारी से हाथ नहीं झाड़ सकते हैं। हजारों कारखाने हमारी जरूरतों को पूरा करने के लिए तमाम तरह की वस्तुओं का उत्पादन कर रहे हैं। सड़कों पर दौड़ते वाहन हमें ही हमारे गंतव्य तक पहुंचा रहे हैं। क्या इन सब के बगैर हम जीवन जीने की कल्पना कर सकते हैं? अगर नहीं तो फिर हम बढ़ते प्रदूषण में अपनी भूमिका से कैसे इंकार कर सकते हैं? बढ़ती जनसंख्या के अनुरूप निरंतर बढ़ते आवासों की संख्या उसके लिए लकड़ी, सीमेंट, ऊर्जा, बिजली, पीने का पानी और इन सब के लिए धरती को भेदती मशीनें, कोयले का खनन, तेल के कुओं की खुदाई और फिर भी अंत में हमारी आवश्यकता के अनुरूप अधूरी रह जाना। जल्द ही संसाधन खत्म हो जाएंगे फिर क्या? उस स्थिति की कल्पना कीजिए कि जब आपके पास धन तो हो परंतु बाजार में आपकी जरूरत का सामान उपलब्ध न हो। क्या इस स्थिति को रोका जा सकता है? क्या जनसंख्या की गति पर लगाम लगाई जा सकती है? हां, जनसंख्या की बढ़ती गति रुक सकती है बशर्ते इसके लिए प्रयास किए जाएं। अमूमन इस प्रयास का दारोमदार महिलाओं पर डाल दिया जाता है। दुनियाभर की महिलाएं चाहती हैं कि उन्हें हक मिले कि उन्हें कब और कितने बच्चे पैदा करने हैं परंतु क्या महिलाओं को यह स्वतंत्रता प्राप्त है? पितृसत्तात्मक व्यवस्था में स्त्री के परिवार के सदस्य विशेषकर पति निश्चित करता है कि वह कितने बच्चों को जन्म देगी। इतना ही नहीं परिवार नियोजन का बोझ भी उसके जिम्मे डाल दिया जाता है। अध्ययन बताते हैं कि उच्च और निम्न आय वाले देशों में कई महिलाएं अपनी प्रजनन क्षमता को नियंत्रित करने के गर्भनिरोधक साधनों से परिचित भी नहीं हैं। यूएनएपीए का अनुमान है कि विकासशील देशों में दो सौ मिलियन से अधिक महिलाओं को आधुनिक गर्भनिरोधक की आवश्यकता है लेकिन वे सुरक्षित और प्रभावी गर्भनिरोधक विधियों का उपयोग नहीं कर पा रही हैं। 'वर्ल्ड वॉच इंस्टिट्यूट' के उपाध्यक्ष बॉब एंगलमैनने अपनी पुस्तक 'मोर पॉपुलेशन, नेचर एंड व्हाट वूमेन वांट' में इस भावना को प्रतिध्वनित किया है कि महिलाएं क्या चाहती हैं? इसका जवाब है 'महिलाएं चाहती हैं कि उनके बच्चों को उच्च जीवन स्तर मिले' परंतु यह कैसे संभव होगा? इस संबंध में जो.एल. कोहने की किताब 'हाउ मैनी पीपल कैन द अर्थ सपोर्ट' कहती है कि शिक्षा बच्चों की संख्या के आधिक्य के बजाय बच्चों के बेहतर जीवन की ओर परिवर्तन लाती है। यह परिवर्तन भविष्य में पर्यावरणीय संसाधनों का उपयोग करने वालों की संख्या को कम करता है और पर्यावरणीय परिवर्तन से निपटने के लिए समाज की क्षमता को बढ़ाता है। कोहने की किताब का आधार वर्षों तक हुए वह शोध हैं जो इस बात पर बल देते हैं कि जहां महिलाएं शिक्षित एवं जागरूक हैं वहां जनसंख्या की गति धीमी होती है। महिलाओं की निम्न सामाजिक परिस्थिति और अशिक्षा उन्हें स्वयं के जीवन और शरीर पर नियंत्रण रखने से रोकती है। इसमें किंचित भी संदेह नहीं कि दुनियाभर की पितृसत्तात्मक व्यवस्था महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं, राजनीतिक भागीदारी और आर्थिक अवसरों तक पहुंच से वंचित करती है। यदि समाज एक स्त्री के अवसरों को सीमित करता है तो अभिभावक बेटी के भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए उसकी शिक्षा के बजाय उसके विवाह में निवेश करना बेहतर समझते हैं। यह स्थिति उसे अवांछित गर्भधारण की ओर धकेल देती है। जनजागरूकता एवं गर्भनिरोधक साधनों की सहज उपलब्धता इस दृश्य को परिवर्तित कर सकती है क्योंकि अधिक बच्चों को जन्म देने से सिर्फ मां का जीवन ही खतरे में नहीं पड़ता अपितु संपूर्ण सामाजिक व्यवस्था और पर्यावरण भी इससे प्रभावित होता है। वर्ष 2022 में प्रोजेक्ट ड्रॉडाउन, जो जलवायु परिवर्तन को रोकने के लिए विभिन्न उपायों की प्रभावशीलता की तुलना करता है, ने दिखाया कि उच्च गुणवत्ता वाले परिवार नियोजन के लिए महिलाओं के स्वैच्छिक अधिकार को हासिल करने से 2050 तक वायुमंडलीय कार्बन डाइऑक्साइड 68.9 गीगाटन तक कम हो सकती है जो कि जलवायु परिवर्तन का सबसे शक्तिशाली समाधान है। लेकिन परिवार नियोजन के साधनों की उपलब्धता और उसके प्रयोग की जानकारी की चुनौती के साथ-साथ सामाजिक रूढ़ियों के अंतर्विरोध स्वयं में एक बड़ी चुनौती हैं। इस संदर्भ में इंडोनेशिया का सुहर्तो मॉडल उल्लेखनीय है जिसमें सरकार ने धर्मावलंबियों के विरोध को दरकिनार कर जन जागरण के अथक प्रयास किए। महिलाओं तक पहुंच बनाकर कम संतानों के जन्म और उनका देश की प्रगति के लिए क्या योगदान होगा, इस समझ को विकसित किया। जिससे वे बच्चे के जन्म के निर्णय के संबंध में स्वयं की भूमिका को महत्व देते हुए परिवार के सदस्यों का समर्थन प्राप्त कर सकी। सरकार ने अपने प्रचार-प्रसार अभियान में दूर-दराज के गांव में जाकर घर-घर परिवार नियोजन के साधन बांटे। नतीजतन इंडोनेशिया में 1970 में प्रत्येक महिला के औसतन जहां 5-6 बच्चे थे वहां 2010 में यह अनुपात 2.6 रह गया। तो क्या हमारा यह दायित्व नहीं कि इन कुतर्कों को छोड़कर कि 'हमारे बच्चे से हमारे देश का क्या लेना देना' एक उदार दृष्टिकोण अपनाएं। जो कि हमारे और देश के भविष्य की बेहतरी के लिए आवश्यक है।



# प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय मालनपुर आश्रम के द्वारा शिव बारात निकाली हजारों भक्त हुए शामिल





**मालनपुर** ।प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय मालनपुर महाराजपुरा आश्रम में तीन दिवसीय समर्पण समारोह समर्पण महोत्सव में गोल्डन वन रिट्रीट सेंटर महाराजपुरा मालनपुर आश्रम से भारत मार्केट पेट्रोल पंप तक शिव स्वरूप की झांकी निकालकर शिव बारात निकाली गई जिसमें भक्तों के द्वारा विशाल समूह के साथ बाबा भोलेनाथ की बारात में मस्त होकर नृत्य किया और शिव बारात में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजयोगिनी शारदा दीदी राष्ट्रीय संयोजिका महिला प्रभाव एवं क्षेत्रीय निर्देशिका अंबाबाड़ी अहमदाबाद राजयोगिनी अवधेश दीदी राष्ट्रीय संयोजिका प्रशासक सेवा विभाग एवं क्षेत्रीय निर्देशिका भोपाल जोन बीके सैला बहिन छतरपुर बीके निर्मला बहन रीवा बीके रानी बहन जी सतना बीके ज्योति बहिन मालनपुर बीके रेखा बहन पोरसा भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष राम कुमार गुप्ता पोरसा बीके सतनाम भाई बीके आशीष भाई बीके नीलेश भाई बीके सनातन भाई बीके मुकेश भाई बीके महेश भाई आदि हजारों की संख्या में भाई बहिन उपस्थित रहे

# अपनी मांगों को लेकर चिकित्सको की बुधवार सुबह से ही अनिश्चिकालीन हड़ताल शुरू हो गई

जिसके बाद उन्होंने इमरजेंसी सेवाएं भी बंद कर दी है। डॉक्टरों की हड़ताल से स्वास्थ्य सेवाएं चरमरा गई है। ओपीडी में डॉक्टर के ना बैठने से कई मरीज परेशान हो रहे है। जिला अस्पताल सहित ब्लॉक के अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाएं चरमरा गई हैं. कथित तौर पर ऑपरेशन स्थगित कर दिए गए, भर्ती मरीज दर्द से कराहते देखे गए. इमरजेंसी एवं ओपीडी के लिये आयुष एवं बांड पर चिकित्सक तैनात है लेकिन इससे मरीजो को ज्यादा राहत महसूस नही हो रही। भर्ती मरीजो को भी देखने नही पहुंचे। सुबह कलेक्टर शिवराज सिंह वर्मा, एसडीएम ओम नारायण सिंह ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ व्यवस्था का जायजा भी लिया। हड़ताल का जहा स्वास्थ सेवाओ पर असर पड़ रहा है वही अधिकारी व्यवस्था से संतुष्ट नजर आए। कलेक्टर बोले किसी को समस्या नही होगी। भर्ती सहित इमर्जेंसी मरीजो को भी उपचार मिलेगा।

# होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारियों के चलते हुई बैठक

**गोहद**-वर्ष 2023 में होने वाले विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा ने यह तय किया है कि पूरे मध्यप्रदेश में हर विधानसभा में अनुसूचित जाति वर्ग का एक बड़ा सम्मेलन होना तय माना है जिसकी पहली बैठक भिंड जिले की गोहद विधानसभा से शुरू की इस बैठक में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा गरीबों की कल्याणकारी योजनाएं बहनों के लिए चलाई गई योजना एवं किसान और बेरोजगारों के लिए सरकार के द्वारा चलाई गई योजनाओं को बताया गया इस योजनाओं को हमें विधानसभा सम्मेलन तक अपने भाइयों के बीच अनुसूचित जाति वर्ग के भाइयों के बीच रखना है गई इस बैठक में मुख्य अतिथि अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री मनीष राजोरिया जी एवं मनीष भिलबार धर्मवीर जाटव वीर सिंह माहौर हरगोविंद जाटव हेम सिंह गोयल अमृतलाल माहौर दयाराम शेजवार रोहित सांवरिया गणेश राम जाटव रमाकांत शर्मा शिव सिंह मौर्य नवाब सिंह जाटव अमर सिंह बांगर संतोष जाटव बृजेश माहौर राजेंद्र सिंह ओपी आर्य भीकम सिंह कौशल राम सिया जाटव रामजीत पवैया मोनिका जाटव प्रीतम नगर चरण सिंह नागर राम कुमार जाटव अरुण वाल्मीकि कुलदीप मौर्य भीमसेन सेंगर सुखदेव सिंह तोमर विनोद कुमार माहौर मंडल अध्यक्ष विवेक जैन एवं गोहद ग्रामीण मंडल अध्यक्ष शामिल हुए

# मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत् भुगतान हेतु पात्र महिला का आधार लिंक, डीबीटी इनेबल्ड व्यक्तिगत बैंक खाते में अनिवार्य

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । लाड़ली बहना योजना के तहत् भुगतान हेतु पात्र महिलाओं को व्यक्तिगत बैंक खाते में आधार लिंक व डीबीटी इनेबल्ड होना योजना के तहत् अनिवार्य है। महिलाएं व्यक्तिगत बैंक खाते में आधार लिंक, डीबीटी इनेबल्ड कराने हेतु जिस बैंक का खाता है, संबंधित बैंक में जाकर अपना खाता आधार लिंक, डीबीटी इनेबल्ड करा सकती हैं। आधार लिंक, डीबीटी इनेबल्ड कराने हेतु बैंक में आवश्यक दस्तावेज ( आधार कार्ड, बैंक पासबुक, मोबाईल ) की फोटो कॉपी अवश्य लेकर जाएं। ऐसी महिलाएं जिनके बैंक खाते नहीं हैं, वे सभी इंण्डिया पोस्ट पेमेण्ट बैंक के माध्यम से 5 मिनिट में आधार लिंकेज, डीबीटी इनेबल्ड, व्यक्तिगत बैंक खाते खुलवा सकती हैं। इंण्डिया पोस्ट पेमेंट बैंक में खाते खोलने हेतु महिला को स्वयं उपस्थित रहकर अपना आधार कार्ड व मोबाइल लेकर आना अनिवार्य है, अन्य किसी दस्तावेज की आवश्यकता नहीं है।

# थाना बरोही पुलिस के द्वारा अज्ञात म्रतक की पतारसी की गई

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड** । थाना बरोही क्षेत्रान्तर्गत एक अज्ञात पुरुष उम्र 55 से 60 वर्ष के करीबन की लाश बबूल के पेड़ की डाली से सफेद साफी से फाँसी का फन्दा लगाकर मृत अवस्था मे लटकी हुई मिली है,जिस पर मर्ग क्रमांक 05/23 धारा 174 जा.फो. का कायम कर जाँच में लिया गया है। जॉच में मृतक के कमीज के कॉलर के ऊपर जवाहर टैलर भरतना लिखा हुआ था जिसकी पतारसी हेतु भरतना जाकर जवाहर टैलर से की गई उसके बाद भरतना शहर में कई जगह पता किया एवं पत्रकारो से संपर्क किया गया बाद थाना भरतना में अज्ञात मृतक का हुलिया दिखा कर पता किया तो भर्थना थाना द्वारा बताया गया कि मृतक के परिवारवालो ने कल दिनांक 02/05/23 को गुम इंसान होने की रिपोर्ट की है, जिसका नाम उदयवीर सिंह पुत्र प्यारे सिंह यादव उम्र 56 साल नि. ग्राम डडिनई थाना भरतना जिला इटावा का होना बताया। बाद मोबाइल नम्बर द्वारा उसके लडके शैलेन्द्र से संपर्क किया गया तो उसके लड़के ने बताया कि मेरे पिता दिनांक 30/04/2023 को भरथना बाजार से सब्जी लेने का कह कर गये थे तब से उनका कोई पता नही चल रहा था। आज दिनांक 03/05/2023 को परिजन व उसके लड़के शैलेन्द्र पीएम हाउस भिण्ड उपस्थित हुये व शव की शिनाख्ती कराई गई बाद शव शिनाख्ती के शव का पीएम कराया गया बाद शव परिजनो को सह सुरक्षित दाहसंस्कार हेतु सुपुर्द किया गया।कार्यवाही में थाना प्रभारी बरोही उपनिरीक्षक ब्रजमोहन सिंह भदौरिया,सहायक उपनिरीक्षक ब्रजेश सिह कुशवाह,प्रधान आरक्षक राकेश वर्मा,आरक्षक दीपक जैन, आरक्षक सौरभ,आरक्षक जयशंकर,सैनिक धर्मेन्द्र की अहम भूमिका रही ।

# नेता प्रतिपक्ष का मुख्यमंत्री पर पलटवार-कानून हाथ में लेने वाले कांग्रेसियों को ठीक करें भूपेश

### भूपेश बघेल खड़गे की निंदा करें अन्यथा दिखावा बंद करें

### कांग्रेस तुष्टिकरण और धर्मांतरण की पैरोकार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बयान पर पलटवार करते हुए कहा है कि कांग्रेस ने कर्नाटक में बजरंग दल पर बैन लगाने की बात कह कर और बजरंग दल की तुलना पीएफआई से करके अपने बहुसंख्यक विरोधी चेहरे को उजागर कर दिया है। उन्होंने कहा कि कर्नाटक चुनाव के लिए घोषणा पत्र जारी करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि बजरंग दल और पीएफआई को बैन करेंगे। जबकि पीएफआई केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा राष्ट्र विरोधी गतिविधियों के कारण 28 दिसंबर 22 से 5 वर्षों के लिए प्रतिबंधित है। जो संस्था पहले से प्रतिबंधित है उस पर बैन लगाने की बात कर परोक्ष रूप से यह कह रहे हैं कि बजरंग दल पर बैन हटाने कहें तो वह कहेंगे केंद्र पीएफआई से भी बैन हटाये। यही इनका तुष्टिकरण का एजेंडा है। नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कहा कि हम हमेशा कहते हैं कि कांग्रेस का मूल चरित्र बहुसंख्यक विरोधी है। वह राम का नाम सिर्फ और सिर्फ वोट लेने के लिए जपती हैं। छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल सरकार भी उसी वोट लेने की नीति के तहत समय-समय पर राम का नाम लेने का दिखावा करती है। अगर भूपेश बघेल सचमुच प्रभु श्री राम के भक्त हैं तो उन्हें मंगलवार के दिन बजरंगबली के भक्तों का अपमान करने वाले मल्लिकार्जुन खड़गे की निंदा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ में बजरंगियों पर कार्रवाई करने की बात कही है और कहा कि बजरंगी होने का मतलब यह नहीं है कि आप कानून हाथ में ले लेंगे। यह बात उन्हें अपने विधायक बृहस्पत सिंह को समझाना चाहिए। उन कांग्रेसियों को समझाना चाहिए, जिन्होंने जगदलपुर में थाने में घुसकर कल एक आईपीएस का कालर पकड़कर हाथापाई की। लेकिन उन पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि जो गलत हैं, उन्हें तो मुख्यमंत्री ठीक करने की जगह संरक्षण दे रहे हैं। बजरंगी तो पहले से ही ठीक हैं। रामकाज में लगे हैं। मुख्यमंत्री को उनसे तकलीफ क्यों हो रही है? मुख्यमंत्री की धमकी कांग्रेस के दोहरे मापदंड वाले असली चेहरे को स्पष्ट कर रही है।

# करचिया के वीर शहीद भोज सिंह टांडिल्य को श्रद्धांजलि अर्पित किया



**संवाददाता हेमचंद नागेश**

देवभोग मंगलवार के दिन को लोगों ने शहीद दिवस के रूप में मनाया। ग्रामवासीओ ने दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी दुर्गेश टांडील्य ने कहा कि आज लोग शहीदी दिवस को भूल गए हैं और तो और युवाओं को शहीद दिवस का जिनको आज याद किया जाता है शहीदों ने अपनी जान की कुर्बानी देकर हमारे रक्षा करते है उनको आज याद कर हमें श्रद्धांजलि देने की जरूरत है। आमामोरा नक्सली हमले में अपने अपने प्राणों की आहूति देने वाले देवभोग के वीरभूमि ग्राम करचिया निवासी अमर शहीद भोजसिंह टाण्डिल्य जी की पांचवी शहादतद्दिवस पर शहीद पिता के साथ शहीद स्मारक पर आ कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया जिसमें उपस्थिति श्री दुर्गेश टांडिल्य ,श्री भीखराम बीसी, योगेश बीसी, साथ ही सक्रिय हस्द्ध गरियाबंद उपाद्यक्ष चंद्रशेखर नागेश (चीकू) छायासंत बीसी, पंकज बीसी, तरुण टांडिल्य, ग्राम करचिया के युवा संघ के उपस्तिथि में सफ़ल हुआ।।

## कर्ज माफी का वादा पूरा करने के बजाय प्रदेश सरकार महिला स्व-सहायता समूहों को ज्यादा कर्ज लेने के लिए प्रेरित कर रही ::भाजपा

# भाजपा नेता श्रीवास्तव ने कहा : सभी वर्गों को ठगने के बाद अब महिला स्व-सहायता समूहों को ठगने का काम कर रही है प्रदेश सरकार

**ब्यूरो चीफ छत्तीसगढ अश्वनी कुमार**

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के सरगुजा संभाग प्रभारी संजय श्रीवास्तव ने महिला स्व-सहायता समूह के कर्ज लेने की लिमिट बढ़ाने पर तंज कसा है। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने वादा किया था कि इन समूहों का कर्ज माफ करेगी। अपना वादा पूरा करने के बजाय प्रदेश सरकार अब इन महिला स्व-सहायता समूहों को ज्यादा कर्ज लेने के लिए प्रेरित कर रही है।भाजपा सरगुजा संभाग प्रभारी श्री श्रीवास्तव ने कहा कि जिस प्रकार कर्ज-पर-कर्ज लेकर प्रदेश की भूपेश सरकार ने छत्तीसगढ़ को कंगाली के दलदल में धकेल दिया है, उसी तरह अब महिला समूहों को भी कर्जमुक्त करने के बदले और ज्यादा कर्जदार बनाने पर आमादा है। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के सभी वर्गों को ठगे जाने के बाद अब महिला स्व-सहायता समूहों को ठगने का काम किया गया है। पिछले विधानसभा चुनाव के समय अपने जन घोषणा पत्र के बिंदु क्रमांक 13 में कांग्रेस ने स्पष्ट उल्लेख किया था कि कांग्रेस की सरकार बनने के बाद स्व-सहायता समूह की बहनों का कर्ज माफ किया जाएगा। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि प्रदेश सरकार ने जिस तरह कर्ज की लिमिट बढ़ाकर 4 लाख से 6 लाख रुपए तक का कर्ज देने का ऐलान किया है, वह प्रदेश सरकार की बदनीयती का परिचायक है क्योंकि कांग्रेस के चुनावी घोषणा पत्र में तो स्व-सहायता समूह के कर्ज माफ करने का वादा किया था।भाजपा सरगुजा संभाग प्रभारी श्री श्रीवास्तव ने कहा कि भाजपा हमेशा यह कहती आ रही है कि मुख्यमंत्री बघेल भ्रम पैदा करके राजनीति करना चाहते हैं और अपने वादों से मुकर रहे हैं, वादाखिलाफी कर रहे हैं। इससे पहले शराबबंदी की परिभाषा दे दी कि हमने शराबबंदी करने की बात नहीं कही। फिर कहा कि शराब बंद करने से कई तरह की दिक्कतें पैदा होगी। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि बेरोजगारी भत्ता के नाम पर इसी तरह युवाओं को छलने का काम किया और आखिरी के 6 माह में प्रदेश सरकार इसकी घोषणा करती है! 1 माह के लिए 10 लाख युवाओं के भत्ते का प्रावधान अपने बजट में सरकार रखती है, और अब महिला स्व-सहायता समूहों का कर्ज माफ नहीं करके उनके लिए कर्ज की सीमा बढ़ाई जा रही है। श्री श्रीवास्तव ने सवाल किया कि आखिर मुख्यमंत्री बघेल के भ्रम फैलाने की सीमा कितनी है? क्या कांग्रेस का शुरू से ही यही राजनीतिक चरित्र रहा है? प्रदेश की महिलाओं एवं अन्य सभी वर्गों के साथ छल-कपट और भ्रम फैलाना बंद करके प्रदेश सरकार तत्काल अपने वादे के अनुरूप महिला स्व-सहायता समूहों का कर्ज माफ करे, विश्वासघात न करे।

# गोहद विकासखंड की ग्राम पंचायत चन्दोखर में नौ दिवसीय रामकथा का आयोजन 15 मई से

गोहद - जनपद पंचायत गोहद की ग्राम पंचायत चन्दोखर के विख्यात संत पांडरी वाले बाबा मंदिर पर नौ दिवसीय रामकथा का आयोजन 15 मई से प्रारंभ होने जा रहा है जिसका समापन 22 मई को होगा राम कथा कथावाचक जगतगुरु शंकराचार्य कामदगिरि पीठाधीश्वर स्वामी श्री रामस्वरूपचार्य जी के मुखारविंद से होगी जगद्गुरु शंकराचार्य की ओजस्वी वाणी को क्षेत्र की जनता काफी पसंद करती है उन्हें रामायण के प्रसंग मोखिक याद है नौ दिवसीय कथा की अध्यक्षता श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर श्री राम भूषण दास जी महाराज करेंगे आयोजित राम कथा मे मुख्य यजमान एवं परीक्षित श्री श्री 1008 श्री संत पांडरी वाले बाबा जी महाराज व सेवक भारत सिंह तोमर होंगे

# राज्यपाल के वनवासी दत्तक पुत्र के अस्तित्व खतरे में शासन-प्रशासन नहीं दे रहे हैं महत्त्व

### राज्यपाल के दत्तक पुत्र रस्सी में बंद कर हैं कैद

जिला ब्यूरो चीफ
हेमचंद नागेश कि रिपोर्ट

**गरियाबंद।** गरियाबंद जिला मुख्यालय लगभग 28 कि.मी. दूर ग्राम पंचायत कोपेकसा के आश्रित गांव सुखरीडबरी जो जंगलों के बीच में एक ऐसे भुंजिया परिवार पांच सदस्य है, इनकी भविष्य पूरी तरह खत्म होता नजर आ रहा है। माता श्रीमती अघनी बाई भुंजिया इनके चार बेटे बड़ा बेटा महेश, जेपाल, धीपॉल, शिवपाल। इनमें से बड़े बेटा महेश भुंजिया (30 वर्ष)के माता ने बताया जब महेश तीन चार साल उम्र का था, तो इन्हें अचानक इनके शरीर में झटके जैसे हुआ तब से इनकी शारीरिक स्थिति बिगड़ता गया। तब से इनकी स्थिति ऐसी ही है,।पूछने पर महेश को रस्सी से क्यों बांधे रखे हैं तो बताया मानसिक स्थिति खराब के चलते एक बार जंगल की तरफ भाग गया था ढूंढने पर बहुत मुश्किल से मिला तब से लेकर आज तक तकरीबन 15 से 20 वर्ष हो गया इसे रस्सी से बांधकर रखें। हम इसे लेकर हर समय चिंतित रहते हैं कि इन्हें रस्सी से अलग कर दिया जाए तो कुछ अनहोनी ना करदे करके। इनका आधार कार्ड अभी तक नहीं बना है , और राशन कार्ड में महेश भुंजिया का नाम भी अंकित नहीं है।माता अघनी बाई ने बताया कि हमारे बच्चों को कोई शासन या प्रशासन से मदद मिलती तो वह शिक्षा और रोजगार से



वंचित होने नहीं पड़ता। हमें एक बार प्रशासन से सिर्फ पांच हजार रुपए की सहायता मिला लेकिन इतने में जीवन यापन कर पाना बहुत ही मुश्किल है। स्वास्थ्य के बारे में बताया कि महेश की शरीर में अनेकों समस्या है, एक बार स्वास्थ्य विभाग से कोई अधिकारी कर्मचारी आए थे परंतु चर्चा कर वापस चले गए।

भुंजिया परिवार से मुलाकात करने पहुंचे जिला के इंडियन रेड क्रॉस संरक्षक सदस्य मनोज पटेल इनकी इस दशा को देखकर कहा कि अगर ऐसे परिवारों की प्रवाह समय रहते शासन-प्रशासन करे तो उन्हें अपनी सामान्य जीवन यापन करने में कोई परेशानी नहीं होगी। ऐसे विशेष पिछड़ी भुंजिया जनजातियों के लिए सरकार ने इनके उत्थान के लिए योजनाएं शिक्षा दीक्षा नौकरी के विशेष प्रयोजन तक किए लेकिन नतीजा बहुत सकारात्मक नहीं दिख रहा है।राज्यपाल की दत्तक संतान यह शब्द सुनकर वैभव पूर्ण जीवन शैली का एहसास होता है। मगर असल में यह बहुत ही चुनौतीपूर्ण है। इंडियन रेड क्रॉस संरक्षक सदस्य समाजसेवी मनोज पटेल ने शासन प्रशासन से अपने दस उंगलियों से विनती कर कहा कि इस भुंजिया परिवार को जल्द से जल्द स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराएं।

छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा विशेष पिछड़ी जनजातियों के विकास के लिए कई तरह की योजनाएं चलाई जा रही है लेकिन जरूरतमंद लोगों के पास सुविधा नहीं पहुंचना यह जिम्मेदार पदों पर बैठे लोगों की वजह से नहीं पहुंचता। इस बच्चे और उसके परिवार के हालत को देखकर तो ऐसा लगता है कि सरकार की योजनाओं के लाभ वर्षों से वंचित है। इस परिवार के बच्चों को ना तो सही समय पर शिक्षा मिला ना ही रोजगार . अघनी बाई के तीनों बच्चे घर से दूर रहकर काम करने जाते हैं बताया।देश में आजादी का अमृत महोत्सव तो काफी धूमधाम से मनाया जा रहा है, लेकिन आज भी देश में ऐसे लोग भी हैं जो अपने एक अधिकार के लिए संघर्ष कर रहे हैं एक लड़का जो न जाने कितने वर्षों से रस्सी में बंधे है तथा खुद की आजादी के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

# चेन्नई की कड़ी चुनौती का सामना करने से पहले राहुल की चोट ने बढ़ाई लखनऊ की चिंता

लखनऊ, 02 मई। कप्तान लोकेश राहुल और तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट के चोटिल होने के कारण कमजोर पड़ी लखनऊ सुपरजाइंट्स की टीम को बुधवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में चेन्नई सुपर किंग्स से सतर्क रहना होगा जो वापसी करने के लिए बेताब है। लखनऊ की टीम सोमवार को रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ 127 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 19.5 ओवर में 108 रन पर आउट हो गई थी। राहुल आरसीबी के खिलाफ इस मैच के दौरान चोटिल हो गए थे। उनकी दाहिनी जांघ में चोट लगी है। उनादकट रविवार को नेट्स पर गेंदबाजी करते समय फिसलकर चोटिल हो गए थे। इन दोनों खिलाड़ियों की चोट की गंभीरता का अभी तक पता नहीं चला है लेकिन राहुल आरसीबी के खिलाफ 11वें नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए आए थे। उन्होंने तीन गेंदों का सामना किया लेकिन वह अपना खाता नहीं खोल पाए थे। उनका चेन्नई के खिलाफ मैच में खेलना संदिग्ध है। काइल मायर्स, निकोलस पूरन, मार्कस स्टोइनिस और क्रुणाल पंड्या जैसे खिलाड़ियों ने लखनऊ की तरफ से पिछले मैचों में अच्छा प्रदर्शन किया था लेकिन राहुल पंजाब किंग्स और गुजरात टाइटंस के खिलाफ अर्धशतक जड़ने के बाद रन बनाने के लिए जूझ रहे थे। पंजाब किंग्स के खिलाफ 28 अप्रैल को खेले गए मैच में लखनऊ की टीम ने जहां शानदार प्रदर्शन करके जीत दर्ज की थी वही सोमवार को आरसीबी के



खिलाफ उसकी टीम छोटे लक्ष्य को भी हासिल नहीं कर पाई थी। लखनऊ ने पंजाब किंग्स के खिलाफ पांच विकेट पर 257 रन बनाकर 56 रन से जीत हासिल की थी। उस मैच में मायर्स, आयुष बडोनी, स्टोइनिस, पूरन, नवीन उल हक और यश ठाकुर सभी ने अच्छा प्रदर्शन किया था लेकिन आरसीबी के खिलाफ उसके सभी खिलाड़ी नाकाम रहे। लखनऊ की टीम दबाव में बिखर जाती है जो उसकी सबसे बड़ी कमजोरी है। वह अभी नौ मैचों में 10 अंक लेकर आईपीएल अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है लेकिन आरसीबी से मिली हार के कारण उसका मनोबल गिरा होगा। चेन्नई की टीम राजस्थान रॉयल्स और पंजाब किंग्स के हाथों मिली हार के बाद इस मैच में उतरेगी लेकिन उसकी वापसी करने की काबिलियत को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है।उसकी इस सत्र में अधिकतर जीत में कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की भूमिका अहम रही तथा यदि बुधवार के मैच में राहुल नहीं खेल पाते हैं तो वह इसका पूरा फायदा उठाने की कोशिश करेंगे। चेन्नई की टीम बल्लेबाजी में न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे पर काफी निर्भर है जिन्होंने टूर्नामेंट में अब तक 144.25 की स्ट्राइक रेट से 414 रन बनाए हैं। पंजाब के खिलाफ पिछले मैच में उन्होंने नाबाद 92 रन बनाए थे लेकिन उनकी टीम 200 रन के अपने स्कोर का बचाव नहीं कर पाई थी। रुतुराज गायकवाड, रविंद्र जडेजा और अजिंक्य रहाणे किसी भी दिन अच्छी पारियां खेलने में सक्षम है जबकि श्रीलंका के महेश तीक्ष्णा और मथीशा पथिराना गेंदबाजी में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इसके अलावा टीम में जडेजा और मोईन अली जैसे अनुभवी स्पिनर भी हैं। टीम इस प्रकार हैं। लखनऊ सुपरजाइंट्स = केएल राहुल (कप्तान), आवेश खान, आयुष बडोनी, क्विंटन डी कॉक, कृष्णप्पा गौतम, अर्पित गुलेरिया, दीपक हुड्डा, प्रेरक मांकड़, काइल मायर्स, अमित मिश्रा, मोहसिन खान, नवीन-उल-हक, क्रुणाल पंड्या, निकोलस पूरन, रवि बिश्नोई, डेनियल सैम्स, करण शर्मा, रोमारियो शेफर्ड, मार्कस स्टोइनिस, स्वप्निल सिंह, जयदेव उनादकट, मनन वोहरा, मार्क वुड, यश ठाकुर, युद्धवीर सिंह। चेन्नई सुपर किंग्स= महेंद्र सिंह धोनी ( कप्तान और विकेटकीपर), आकाश सिंह, मोइन अली, भगत वर्मा, दीपक चाहर, डेवोन कॉनवे, तुषार देशपांडे, शिवम दूबे, रुतुराज गायकवाड़, राजवर्धन हैंगरगेकर, रवींद्र जडेजा, सिसंडा मगाला, अजय मंडल, मथीशा पथिराना , ड्वेन प्रीटोरियस, अजिंक्य रहाणे, शैक रशीद, अंबाती रायडू, मिचेल सेंटनर, सुभ्रांशु सेनापति, सिमरजीत सिंह, निशांत सिंधु, प्रशांत सोलंकी, बेन स्टोक्स, महेश तीक्ष्णा। मैच भारतीय समयानुसार दोपहर 3=30 बजे से शुरू होगा।

# अपनी योजनाओं को लागू नहीं कर पाए : कृणाल

लखनऊ, 02 मई। लोकेश राहुल के चोटिल होने के कारण लखनऊ सुपरजाइंट्स की कप्तानी करने वाले कृणाल पंड्या ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ सोमवार को यहां 18 रन की शिकस्त के बाद कहा कि उनकी टीम योजना को अच्छी तरह से लागू नहीं कर पाई। आरसीबी के 127 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सुपरजाइंट्स की टीम लेग स्पिनर कर्ण शर्मा (20 रन पर दो विकेट), जोश हेजलवुड (15 रन पर दो विकेट) और वानिंदु हसरंगा (20 रन पर एक विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने 19.5 ओवर में 108 रन पर सिमट गई। सुपरजाइंटस की ओर से कृष्णप्पा गौतम (23) ही 20



रन के आंकड़े को पार कर पाए। इससे पहले लेग स्पिनरों रवि बिश्नोई (21 रन पर दो विकेट) और अमित मिश्रा (21 रन पर दो विकेट), ऑफ स्पिनर गौतम (10 रन पर एक विकेट) और बाएं हाथ के स्पिनर कृणाल पंड्या (बिना विकेट के 21 रन) ने मिलकर 13 ओवर में सिर्फ 73 रन दिए और पांच विकेट चटकाए जिससे आरसीबी की टीम नौ विकेट पर 126 रन ही बना सकी। तेज गेंदबाज नवीन उल हक ने भी 30 रन देकर तीन विकेट हासिल किए। आरसीबी के लिए कप्तान फाफ डुप्लेसी (44) शीर्ष स्कोरर रहे। उन्होंने विराट कोहली (31) के साथ पहले विकेट के लिए 62 रन जोड़े लेकिन इस साझेदारी के टूटने के बाद आरसीबी की पारी लड़खड़ा गई। इन दोनों के अलावा दिनेश कार्तिक (16) ही दोहरे अंक में पहुंच गए। कृणाल ने मैच के बाद कहा, हमने पहले हाफ में उन्हें कम स्कोर पर रोककर काफी अच्छा प्रदर्शन किया। यह एक बेहतरीन टीम प्रयास था। हमने इस टूर्नामेंट में जिस तरह की गेंदबाजी की उससे वास्तव में खुश हूं। मैच की शुरुआत में हम 126 रन आसानी से स्वीकार कर लेते। लेकिन हम अपनी योजनाओं को क्रियान्वित नहीं कर सके। राहुल की चोट पर उन्होंने कहा, यह दुखद है। मुझे लगता है कि उसके कूल्हे में चोट लगी है। मुझे नहीं पता कि यह कितना बुरा है। मेडिकल टीम इसका आकलन करेगी।

## वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप



**नई दिल्ली।** मोहम्मद हुसामुद्दीन ने सोमवार को उज्बेकिस्तान के ताशकंद में पहले दौर में शानदार जीत दर्ज करके आईबीए मेन्स वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2023 में भारत के अभियान की शानदार शुरुआत की। दो बार के राष्ट्रमंडल खेलों के कांस्य पदक विजेता हुसामुद्दीन ने 57 किग्रा वर्ग के शुरुआती दौर में मैसेडोनियन प्रतिद्वंद्वी एलेन रुस्तमोवस्की को 5-0 से आसानी से हरा दिया। तेलंगाना में जन्मे मुक्केबाज ने बाउट की सतर्क शुरुआत की। अपनी ताकत और तकनीकी क्षमता का उपयोग करते हुए, हुसामुद्दीन सटीक रूप से मुक्के मारने और सर्वसम्मत निर्णय से जीत हासिल करने में सक्षम थे। हालाँकि, 60 किग्रा वर्ग में, वरिंदर सिंह उज्बेकिस्तान के मुजीबिलो तुर्सुनोव के खिलाफ 5-0 से हार गए और प्रतियोगिता से बाहर हो गए। बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (बीएफआई) ने विश्व चैंपियनशिप में प्रतिस्पर्धा करने के लिए 13 सदस्यीय दल को मैदान में उतारा है, जिसमें 107 देशों के कई ओलंपिक पदक विजेताओं सहित 538 मुक्केबाज भाग ले रहे हैं।

## फीबा ओलंपिक प्री-क्वालीफाइंग टूर्नामेंट

# भारतीय पुरुष टीम ग्रुप ए में

नई दिल्ली,02 मई। इस साल 12 से 20 अगस्त तक होने वाले फीबा ओलंपिक प्री-क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के एशियन लेग के लिए भारतीय पुरुष बास्केटबॉल टीम को ग्रुप ए में चीनी ताइपे, दक्षिण कोरिया और बहरीन के साथ रखा गया है। इंटरनेशनल बास्केटबॉल एसोसिएशन (फीबा) ने सोमवार को ड्रॉ निकाला। टूर्नामेंट के एशियन लेग के स्थान के बारे में बाद में पुष्टि की जाएगी। कजाकिस्तान, सऊदी अरब, इंडोनेशिया और सीरिया एशियाई ड्रॉ के ग्रुप बी में हैं। पुरुषों की फीबा विश्व रैंकिंग के आधार पर, ड्रॉ के लिए आठ टीमों को दो टीमों के चार पॉट में विभाजित किया गया था। सीरिया और भारत को तीसरे पॉट में रखा गया था। ग्रुप ए में उच्चतम रैंक वाली टीम दक्षिण कोरिया है, जो वर्तमान में फीबा बास्केटबॉल रैंकिंग में 38वें स्थान पर है, इसके बाद चीनी ताइपे (69), भारत (82) और बहरीन (84) हैं। पेरिस 2024 पुरुषों की बास्केटबॉल प्रतियोगिता में



मेजबान फ्रांस सहित कुल 12 टीमें शामिल होंगी। फीबा बास्केटबॉल विश्व कप 2023, जो इस साल अगस्त और सितंबर में फिलीपींस, जापान और इंडोनेशिया द्वारा सह-मेजबानी की जाएगी, इनमें से सात टीमों के भाग्य का फैसला करेगा। दो चरण के फीबा ओलंपिक योग्यता टूर्नामेंट चार अंतिम स्थान निर्धारित करेंगे। अगले साल, दूसरा क्वालीफाइंग चरण एक वैश्विक प्रतियोगिता होगी जबकि पहला प्री-क्वालीफाइंग चरण महाद्वीपीय स्तर पर खेला जाएगा। कुल 40 टीमें जो फीबा बास्केटबॉल विश्व कप 2023 के लिए क्वालीफाई करने में विफल रहीं, उन्हें प्री-क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के माध्यम से पेरिस 2024 में जगह बनाने का दूसरा मौका मिलेगा। फीबा बास्केटबॉल विश्व कप 2023 के लिए एशियाई क्वालीफायर के दूसरे दौर में आगे बढने के बाद, भारत को सूची में जोड़ा गया। पांच टीमें, यूरोप से दो और एशिया, अफ्रीका और अमेरिका से एक-एक, प्री-क्वालीफाइंग खेलों में भाग लेने वाली 40 टीमों से 2024 के अंतिम ओलंपिक क्वालीफाइंग इवेंट में आगे बढ़ेंगी।

# आरसीबी-एलएसजी मैच के बाद भिड़े कोहली, गंभीर और नवीन-उल-हक, तीनों पर लगा जुर्माना

**लखनऊ।** लखनऊ सुपर जायंट्स के मेंटर गौतम गंभीर और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बल्लेबाज विराट कोहली पर आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 100 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। गंभीर और कोहली ने आईपीएल आचार संहिता के अनुच्छेद 2.21 के तहत स्तर 2 के अपराध को स्वीकार कर लिया है। कोहली और गंभीर के अलावा लखनऊ के गेंदबाज नवीन-उल-हक पर भी आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। नवीन-उल-हक ने



आईपीएल आचार संहिता के अनुच्छेद 2.21 के तहत स्तर 1 के अपराध को स्वीकार कर लिया है। दरअसल इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2023 के तहत खेले गए मैच के तहत विराट कोहली और गौतम गंभीर को आपस में भिड़ते हुए देखा गया। यह मामला मैच के बाद हुआ। मुकाबले में बेंगलुरु ने लखनऊ को उसी के घर में 18 रनों से शिकस्त दी। मैच के बाद सभी खिलाड़ी मिल रहे थे, तभी गंभीर और कोहली के बीच किसी बात को लेकर तीखी बहस हो गई, जिसके बाद अन्य खिलाड़ियों को बीच बचाव के लिए आना पड़ा। इसकी शुरुआत अफगानिस्तान के तेज गेंदबाज नवीन-उल-हक से हुई। नवीन जब बल्लेबाजी करने आए तो उन्होंने कोहली से कुछ कहा। जिसके बाद अमित मिश्रा और अंपायर ने हस्तक्षेप कर मामले को शांत किया। मैच के बाद नवीन ने कोहली से हाथ मिलाते हुए फिर से कुछ कहा, जिसके बाद ग्लेन मैक्सवेल नवीन को कोहली से दूर ले गए। इसके बाद, कोहली जब गंभीर को बता रहे थे कि वास्तव में क्या हुआ, तो पूरी तरह से विवाद हो गया।

# कोहली ने मैदान से सीना ठोका, इशारा किया; नवीन से दूसरी बार झगड़े तो गंभीर भी आ गए

**लखनऊ।** लखनऊ में ढ्ढक्क के मैच में विराट कोहली और गौतम गंभीर की टसल एक बार फिर देखने को मिली। दोनों एक दूसरे के सामने आ गए। 5 मिनट तक तीखी नोक-झोंक होती रही। मामला इतना बढ़ गया कि स्ल्त के कप्तान केएल राहुल और सीनियर खिलाड़ी अमित मिश्रा को बीच बचाव करना पड़ा। इसके बाद भी कोहली और गंभीर एक-दूसरे से नाराज दिखे। इससे पहले 2013 में भी दोनों में तीखी बहस हुई थी। मैच के दौरान विराट ने जूता दिखाकर नवीन उल-हक पर स्लेजिंग भी की। इस विवाद के बाद स्ल्त के मेंटर गौतम गंभीर और ऋष्टक्क के पूर्व कप्तान विराट कोहली पर ढ्ढक्क कोड ऑफ कंडक्ट का उल्लंघन करने पर मैच फीस का 100त्न जुर्माना लगाया गया। स्ल्त के गेंदबाज नवीन-उल-हक पर भी मैच फीस का 50त्न जुर्माना लगाया गया। कोहली और नवीन ने अपनी गलती मान ली है। विराट ने मैच के बाद इंस्टाग्राम पर पोस्ट की। इसे सफाई के तौर पर देखा जा रहा है। लिखा, %जो भी कुछ हम सुनते हैं, वे विचार होते हैं, तथ्य नहीं। हम जो कुछ भी देखते हैं वह एक दृष्टिकोण है, सत्य नहीं।÷ इसके नीचे मार्कस ऑरेलियस का नाम लिखा है। मैच के बाद नवीन उल-हक ने भी इंस्टाग्राम पर स्टोरी लगाई है। उन्होंने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा- %आपको वही मिलता है जो आप डिजर्व करते है। ऐसा ही होना चाहिए और ऐसा ही होता है। इसे भी उस नोक-झोक से जुड़ा माना जा रहा है।

# गुजरात टाइटंस के खिलाफ खेलना हमारे लिए चुनौतीपूर्ण होगा : प्रवीण आमरे

नई दिल्ली,02 मई। दिल्ली कैपिटल्स की टीम मंगलवार शाम को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में जब गुजरात टाइटंस से भिड़ेगी तो वह फॉर्म में वापसी करना चाहेगी। मैच से पहले दिल्ली कैपिटल्स के सहायक कोच प्रवीण आमरे ने कहा, आईपीएल में खराब शुरुआत के बाद कई टीमों ने वापसी की है। यही इस टूर्नामेंट की खूबसूरती है। कोई भी टीम किसी भी टीम को हरा सकती है। इसलिए हमें अपना सर्वश्रेष्ठ देना होगा। हमारे लिए गुजरात के खिलाफ खेलना चुनौतीपूर्ण होगा। लेकिन आप कभी नहीं जानते कि आईपीएल में क्या हो सकता है। सहायक कोच ने आगे कहा, हमें वर्तमान में रहना होगा और अपने अगले गेम में दो अंक लेने पर ध्यान देना होगा। हमारे मध्य क्रम को बेहतर बल्लेबाजी करनी होगी और हम डेथ ओवरों में अपनी बल्लेबाजी में सुधार करना चाहेंगे। बल्लेबाजी क्रम में दिल्ली कैपिटल्स के उप-कप्तान अक्षर पटेल की



भूमिका के बारे में पूछे जाने पर, आमरे ने कहा, अक्षर में खेल खत्म करने की क्षमता है। हमें फिनिशर की भूमिका निभाने के लिए किसी की जरूरत है। इस सीजन में उसने हमारे लिए सबसे ज्यादा छक्के लगाए हैं। हमें उसे थोड़ा रोकना होगा, ताकि वह बल्लेबाजी क्रम में फिनिशर की भूमिका निभा सके।

## फैन ने कोहली के पैर छुए

**लखनऊ।** इंडियन प्रीमियर लीग (ढ्ढक्क) में लखनऊ सुपर जायंट्स (स्ल्त) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (ऋष्टक्क) मुकाबले मुकाबले के दौरान जब मेहमान टीम बल्लेबाजी कर रही थी तो एक फैन बाउंड्री पर फील्डिंग कर रहे विराट कोहली से मिलने मैदान में आ गया। फैन ने तुरंत ही लॉन्ग ऑफ की बाउंड्री पर खड़े कोहली के पैर छू लिए जिसके बाद पूर्व कप्तान ने उसे गले से लगा लिया। कोहली के इस काम को सोशल मीडिया पर जमकर सराहा जा रहा है। वहीं मैच के बाद विराट कोहली और गौतम गंभीर में तीखी-बहस देखने को मिली। दोनों बीच मैदान पर भिड़ गए। बहस बढ़ते देख स्ल्त के कप्तान केएल राहुल और सीनियर खिलाड़ी अमित मिश्रा ने बीच-बचाव कर मामला संभाला। लखनऊ के भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम में सोमवार रात दोनों सीनियर खिलाड़ियों के बीच झगड़ा मैच के बाद शुरू हुआ। तब दोनों टीमें आपस में हाथ मिला रही थीं। इस झड़प के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल भी होने लगे हैं।

# नेपाल ने पहली बार एशिया कप के लिए क्वालीफाई किया

नेपाल क्रिकेट टीम ने इतिहास रचते हुए पहली बार एशिया कप 2023 के लिए क्वालीफाई कर लिया है। नेपाल ने मंगलवार को काठमांडू के त्रिभुवन यूनिवर्सिटी इंटरनेशनल क्रिकेट ग्राउंड में एसीसी पुरुषों के प्रीमियर कप के फाइनल में संयुक्त अरब अमीरात (ढ्ढ) को सात विकेट से हराया। इस मैच में गुलशन झा ने 84 गेंदों में नाबाद 67 रनों की पारी खेली। गुलशन को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए प्लयेर ऑफ द मैच चुना गया। एशिया कप 2023 के लिए पांच टीमें पहले से ही क्वालीफाई कर चुकी हैं। अब नेपाल इस टूर्नामेंट में खेलने वाली छठी टीम बन गई है। पांच टीमों में भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश और अफगानिस्तान की टीम शामिल है। इस बार का एशिया कप सितंबर के शुरुआती सप्ताह में होना है। 13 दिनों तक चलने वाले 6 टीमों8 के टूर्नामेंट में फाइनल समेत कुल 13 मैच होंगे। भारत और पाकिस्तान एक ही ग्रुप में हैं। पहली बार एशिया कप का आयोजन साल 1984 में हुआ था। एशिया कप के 39 साल के इतिहास में भारत सबसे सफल टीम है।

## हरियाणा के मंत्री ने मांगा बृजभूषण का इस्तीफा

# बी जे पी सरकार में शामिल चौटाला बोले- सच सामने आना चाहिए

**पानीपत।** भारतीय कुश्ती संघ (ड्ढस्नढ्ढ) के अध्यक्ष बृजभूषण सिंह की गिरफ्तारी के लिए दिल्ली में जंतर मंतर पर पहलवानों का धरना 9वें दिन जारी है। सोमवार को पंजाब कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व क्रिकेटर नवजोत सिद्धू रेसलर्स के बीच पहुंचे और क्चछ्वक्क सांसद बृजभूषण को तुरंत अरेस्ट करने की मांग की। हरियाणा में क्चछ्वक्क-छ्वछ्वक्क सरकार के मंत्री रणजीत चौटाला ने भी कहा कि बृजभूषण को इस्तीफा दे देना



चाहिए। 2019 के विधानसभा चुनाव में निर्दलीय जीतने वाले रणजीत चौटाला ने हरियाणा में क्चछ्वक्क-छ्वछ्वक्क सरकार को समर्थन दे रखा है। चौटाला से पहले हिसार से ही क्चछ्वक्क के लोकसभा सांसद बृजेंद्र सिंह पहलवानों का समर्थन कर चुके हैं। तमिलनाडू के सीएम और ष्ठरूय्य नेता एमके स्टॉलिन ने पहलवानों की मांगों का समर्थन किया है। सोमवार को स्टॉलिन ने अपने ट्वीट में लिखा, भारत का मान बढ़ाने वाले भारतीय पहलवानों को यौन उत्पीड़न के सामने आत्मसम्मान की रक्षा के लिए विरोध करने के लिए मजबूर होना दिल को दहला देने वाला है। आज हमारी पार्टी की ओर से हमारे सांसद इन रेसलर्स से मिले। हम न्याय के लिए अपने पहलवानों के साथ खड़े रहेंगे। सोमवार दोपहर को पहलवानों के बीच पहुंचे कांग्रेस नेता नवजोत सिद्धू ने कहा, मैं अपने खिलाड़ियों के लिए आया हूं। ये रील हीरो नहीं, रियल हीरो हैं। किसी भी केस की बुनियाद स्नढ्ढक्रहोती है। सवाल ये है कि 10 दिन क्यों लगे। उस अफसर पर भी कार्रवाई होनी चाहिए जिसने देरी की। दोषी बड़े पद पर है। वह किसी का भी करियर बिगाड़ सकता है, धमका सकता है।

## बेंगलुरु ने लखनऊ से हिसाब बराबर किया

# सुपरजायंट्स को उसी के घर में 18 रन से हराया, सीजन का सबसे छोटा स्कोर डिफेंड किया

**लखनऊ।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने इंडियन प्रीमियर लीग-16 में लखनऊ सुपरजायंट्स से हिसाब बराबर कर लिया है। टीम ने लखनऊ को उसी के होमग्राउंड पर 18 रनों से हराया। मौजूदा सीजन की पिछली भिड़ंत में लखनऊ ने बेंगलुरु को उसी के घर चिन्नास्वामी स्टेडियम में एक विकेट से हराया था। लखनऊ के भारत रत्न अटल विहारी इकाना स्टेडियम में बेंगलुरु ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 9 विकेट पर 126 रन बनाए। जवाब में लखनऊ की टीम 19.5 ओवर में 108 रन पर ऑलआउट हो गई। बेंगलुरु ने इस सीजन सबसे छोटा स्कोर डिफेंड किया है। इससे पहले सबसे छोटा स्कोर डिफेंड करने का रिकॉर्ड गुजरात के नाम था। गुजरात टाइटंस ने 22 अप्रैल को लखनऊ के ही



खिलाफ 135 रन का स्कोर डिफेंड किया था। ढ्ढक्क में ओवरऑल सबसे छोटा स्कोर डिफेंड करने का रिकॉर्ड चेन्नई सुपर किंग्स के नाम है। टीम ने 2009 में पंजाब किंग्स के खिलाफ 116 रन का स्कोर डिफेंड करते हुए उन्हें 92 रन ही बनाने दिए थे। चेन्नई के अलावा सनराइजर्स हैदराबाद ने 118 और पंजाब किंग्स ने 119 रन डिफेंड किए हैं। कृष्णप्पा गौतम का रनआउट 65 रन पर लखनऊ ने 6 विकेट गिर चुके थे, लेकिन कृष्णप्पा गौतम शानदार बैटिंग कर रहे थे। ऐसा लग रहा था कि गौतम मैच को नजदीक लेकर जाएंगे। गौतम 12 बॉल में 22 रन बना चुके थे। इसके बाद 12वें ओवर की पहली बॉल पर गौतम ने एक रन लिया और दूसरा रन लेने के चक्कर में रनआउट हो गए।

# मिमोह चक्रवर्ती की रोश का ट्रेलर जारी

## 12 मई को रिलीज होगी फिल्म

दिग्गज अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती के बेटे मिमोह चक्रवर्ती इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म रोश की शूटिंग में व्यस्त हैं। यह फिल्म 12 मई को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। अब जयवीर पंघाल द्वारा निर्देशित रोश का ट्रेलर सामने आ चुका है। इसके साथ निर्माताओं ने रोश का नया पोस्टर भी जारी किया है, जिसमें मिमोह का एक अलग अवतार देखने को मिल रहा है। रोश में मिमोह के अलावा यश राज, निकिता सोनी और अलीना राय जैसे कलाकार मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्माण सचिन गर्ग, अमृत एच सोनी और जयवीर पंघाल ने मिलकर किया है। इसके साथ ही मिमोह बॉलीवुड अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी की




जोगीरा सारा रा रा में नजर आएंगे। इसमें अभिनेत्री नेहा शर्मा भी मुख्य भूमिका में हैं। जोगीरा सारा रा रा भी 12 मई को सिनेमाघरों का दरवाजा खटखटाने वाली है। इसके बारे में बात करते हुए, मिमोह ने कहा, रोश फिल्म के लिए, मैं एक कंप्यूटर विश्लेषक की भूमिका निभाऊंगा। फिल्म में एक भयानक घटना घटती है जो सभी के जीवन में सब कुछ बदल देती है। इस फिल्म की कहानी बहुत ही दिलकश है। मैं किसी भी तरह के स्पॉइलर नहीं देना चाहूंगा लेकिन इसमें हर चीज का मिश्रण है और फिर भी अप्रत्याशित है।फिल्म दोस्तों के एक समूह के बारे में है जो एक रात एक अजीब घटना का सामना करते हैं जो उनके जीवन को पूरी तरह से बदल देता है।यह हैंडसम अभिनेता इस फिल्म में एक कंप्यूटर एनालिस्ट की एक दिलचस्प भूमिका निभा रहे हैं और उन्हें इस भूमिका को निभाते हुए देखना एक ट्रीट जैसा होने वाला है।




# फिल्म कुशी से सामंथा रुथ प्रभु का नया लुक आया सामने

दक्षिण भारतीय सिनेमा की जानी-मानी अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु पिछली बार अपनी हालिया में रिलीज हुई फिल्म शाकुंतलम में नजर आई थीं, जो बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप साबित हुई। अब आने वाले दिनों में सामंथा एक से बढ़कर एक फिल्मों में दिखाई देंगी, विजय देवरकोंडा की कुशी उनकी बहुचर्चित फिल्मों में शुमार हैं। अब निर्माताओं ने सामंथा के जन्मदिन पर कुशी से उनका नया लुक जारी कर दिया है और उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं। निर्माताओं ने सामंथा की तस्वीर साझा करते हुए कैप्शन में लिखा, पूरी टीम की तरह से सामंथा को जन्मदिन की बहुत-बहुत बधाई। चारों ओर अधिक दया और खुशी फैलाते रहें। कुशी 1 सितंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। कुशी एक पैन इंडिया फिल्म है। ऐसे में इस फिल्म को आप हिंदी समेत तमिल, तेलुगू, कन्नड़ और मलयालम में देख सकेंगे। कुछ दिन पहले ही सामंथा ने इस फिल्म की शूटिंग शुरू की है।

# तान्या मानिकतला टूथपरी में वैम्पायर बन बिखेर चुकी हैं अपना जादू

नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई टूथपरी में दर्शकों ने तान्या मानिकतला का वैम्पायार रूप काफी पसंद किया है. तान्या मानिकतला ने इस वेबसीरीज में अपना जादू बिखेरने में कोई कमी नहीं रखी है. इस सीरीज में व्यूअर्स को रोमांस के साथ हॉरर का मजा देने वाली तान्या मानिकतला का नाम बॉलीवुड की काफी पढ़ी लिखी अदाकाराओं में शामिल है. आइए जानते हैं तान्या मानिकतला की कंपलीट एजुकेशन क्वालीफिकेशन के बारे में.7 जुलाई 1997 को दिल्ली में पैदा हुई तान्या मानिकतला फिल्म इंडस्ट्री की बहुत ही मशहूर अदाकारा हैं. तान्या मानिकतला की फैमिली ने उन्हें पढने् के लिए दिल्ली के ही जनकपुरी के सेंट फ्रांसिस दे सालेस स्कूल में भेजा गया.तान्या मानिकतला को इंग्लिश लिटरेचर में बहुत दिलचस्पी थी. इसी वजह से एक्ट्रेस ने अपनी स्कूलिंग पूरी करने के बाद अंग्रेजी लिटरेचर से अपना ग्रेजुएट कंपलीट किया. तान्या मानिकतला ने दिल्ली यूनीवर्सिटी के शिवाजी कॉलेज से अपनी हायर एजुकेशन पूरी की.आपको बता दें कि फिल्म इंडस्ट्री की ये अदाकारा अपनी लाइफ में एक कॉपीराइटर भी रह चुकी है. तान्या मानिकतला एक एडवर्टाइजिंग कंपनी के लिए काम किया करती थी.टूथपरी में अपनी एक्टिंग का जलवा दिखाने से पहले तान्या मानिकतला स्कूल डेज, फलेम्स, ए सूटेबल बॉय, फील लाइक इश्क में काम कर चुकी है. एक्ट्रेस ने अपने कॉलेज डेज से ही एक्टिंग में कदम रख दिया था.तान्या मानिकतला इन दिनों अपने आने वाले प्रोजेक्ट्स में बिजी चल रही है. एक्ट्रेस बहुत जल्द अपनी आने वाली फिल्म मुंबईकर और इसके अलावा वेबसीरीज पीआई मीना में नजर आने वाली हैं।

# शिमरी आउटफिट में कमर बलखाती नजर आईं पलक तिवारी

## तस्वीरें देखकर फैंस हुए पानी-पानी

टीवी इंडस्ट्री में धमाल मचाने वाली श्वेता तिवारी की बेटी पलक तिवारी ने भी फिल्मों में दस्तक दे दी। उन्होंने फिल्म किसी का भाई किसी की जान से बॉलीवुड में डेब्यू किया है। वहीं, सोशल मीडिया पर भी एक्ट्रेस पलक तिवारी कहर बरपाए रहती हैं। उनकी स्टाइलिश तस्वीरें फैंस के दिलों को बेकरार किए रहती हैं। एक्ट्रेस पलक तिवारी अपनी ग्लैमरस अदाओं से फैंस के दिलों पर बिजलियां गिराने का हुनर बखूबी जानती हैं। सिल्वर ग्रे कलर की शिमरी लहंगा चोली में एक्ट्रेस पलक तिवारी बेहद ही गॉर्जियस लग रही हैं, उनकी तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आ रही हैं। बेहद ही कम समय में इस मुकाम को हासिल करने वाली पलक



तिवारी सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होती हैं। पलक तिवारी अपनी लेटेस्ट तस्वीरों से फैंस के दिलों की धड़कनें बढ़ाए हुए हैं। पलक तिवारी अपनी मां एक्ट्रेस श्वेता तिवारी की तरह ही बेहद खूबसूरत हैं। एक्ट्रेस पलक तिवारी अपने कातिलाना अंदाज और मनमोहक स्माइल से सभी का दिल घायल कर देती हैं। पलक तिवारी आदित्य सील के साथ मंगता है क्या गाने में भी काम कर चुकी हैं। पंजाबी सिंगर हार्डी संधू के साथ पलक ने बिजली बिजली सॉन्ग किया है। ये गाना इतना पॉपुलर हुआ कि उनका नाम फैंस बिजली गर्ल ही बुलाने लगे। एक्ट्रेस पलक तिवारी सोशल मीडिया पर अपने फैंस के लिए निजी और प्रोफेशनल पलों को साझा करती रहती हैं।


# ऐश्वर्या राय की पोन्नियिन सेल्वन 2 कर रही धुंआधार कमाई

## तीसरे दिन का कलेक्शन भी रहा शानदार

मणिरत्नम की फिल्म पोन्नियिन सेल्वन 2 का क्रेज ऑडियंस के सिर चढ़कर बोल रहा है. फिल्म को पहले दिन से ही दर्शकों का शानदार रिस्पॉन्स मिला और इसने शानदार ओपनिंग की. वहीं वीकेंड पर भी फिल्म को सिनेमाघरों में अच्छा खासा फुटफॉल मिला नतीजतन हिस्टोरिकल ड्रामा के कलेक्शन में भी जबरदस्त इजाफा हुआ. फिल्म की कमाई की रफ्तार देखते हुए लग रहा है कि ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कई रिकॉर्ड तोडने् के लिए तैयार है. चलिए यहां जानते हैं पोन्नियिन सेल्वन 2 ने अपनी रिलीज के तीसरे दिन यानी रविवार को कितने करोड़ का कलेक्शन किया है.पोन्नियिन सेल्वन 2 को 3200 से ज्यादा स्क्रीनों पर रिलीज़ किया गया था. ऐश्वर्या राय और चियान विक्रम




की ये फिल्म ऑडियंस को इम्प्रेस करने में सफल रही हैं. फिल्म की कमाई की बात करें तो पोन्नियिन सेल्वन 2 ने अपने रिलीज के पहले दिन 24 करोड़ का बिजनेस किया था. इसके बाद दूसरे दिन यानी शनिवार को फिल्म की कमाई 26.2 करोड़ रुपये रही. वहीं अब पोन्नियिन सेल्वन 2 के तीसरे दिन की कमाई के शुरुआती आंकड़े भी आ गए हैं. जिसके मुताबिक फिल्म की कमाई में जबरदस्त उछाल आया है.सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक पोन्नियिन सेल्वन 2 ने रविवार को यानी अपनी रिलीज के तीसरे दिन 30 करोड़ रुपये का शानदार कलेक्शन किया. इसी के साथ फिल्म की कुल कमाई 80. 20 करोड़ रुपये हो गई है. फिल्म की कमाई की रफ्तार देखते हुए इसके जल्द ही 100 करोड़ का जादुई आंकड़ा पार करने की उम्मीद है.पोन्नियिन सेल्वन 2' बॉक्स ऑफिस पर शानदार कमाई कर रही है. फिल्म को दर्शकों से भरपूर प्यार मिल रहा है. यहां कि तक कि इस ऐतिहासिक ड्रामा फिल्म ने सलमान खान स्टारर फिल्म किसी का भाई किसी की जान को काफी पीछे छोड़ दिया है. जहां तीन दिनों में पोन्नियिन सेल्वन 2' की कमाई 80 करोड़ से ज्यादा हो चुकी है तो वहीं किसी का भाई किसी की जान' 10 दिन बाद 100 करोड़ के क्लब में शामिल हुई है।




# चिरंजीवी की भोला शंकर का नया पोस्टर जारी, 11 अगस्त को रिलीज होगी फिल्म

गॉडफादर और वाल्टेयर वीरय्या जैसी सुपरहिट फिल्मों के बाद अब मेगास्टार चिरंजीवी की फिल्म भोला शंकर का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। इस फिल्म में कीर्ति सुरेश और तमन्ना भाटिया भी मुख्य भूमिका में नजर आने वाली हैं। अब निर्माताओं ने भोला शंकर का नया पोस्टर जारी कर दिया है, जिसमें चिरंजीवी दमदार अंदाज में नजर आ रहे हैं। यह एक पैन-इंडिया फिल्म है, ऐसे में निर्माता इसे कई भाषाओं में रिलीज करने की योजना बना रहे हैं। चिरंजीवी की फिल्म भोला शंकर 11 अगस्त, 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म बंपर ओपनिंग करेगी। रिलीज के बाद 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस की छुट्टी का फिल्म को फायदा मिल सकता है, वहीं 22 अगस्त को चिरंजीवी का जन्मदिन भी है जो उनके फैंस के लिए किसी बड़े त्योहार से कम नहीं है। ऐसे में निर्माताओं को भोला शंकर से काफी उम्मीदें हैं। भोला शंकर मेहर रमेश द्वारा निर्देशित है। आपको एक खास बात और बता दें चिरंजीवी ने पहले भी इंद्रा द टाइगर फिल्म में भी भोला शंकर टैक्सी वाले का किरदार निभाकर लोगों का दिल जीता था. इस बार ये देखना रोमांचक होगा कि सेम किरदार से बड़े पर्दे पर वो कैसे अपने फैंस का दिल जीतेंगे.आपको बता दें कि इस फिल्म के डायलॉग ममिडाला तिरुपति ने लिखें हैं और इस फिल्म की कहानी वेदलम से मिलती-जुलती हो सकती है. अपने करियर में 100 से भी ज्यादा फिल्में कर चुके मेगा स्टार चिरंजीवी, अपने कॉमेडी और एक्शन टाइमिंग के लिए खूब जाने जाते हैं. इसलिए इस फिल्म में फैंस को भर-भर के एक्शन और कॉमेडी का डोज मिलने वाला है।




# प्रियंका की सिटाडेल बनी दुनिया भर में नंबर 1 सीरीज

बॉलीवुड से हॉलीवुड तक का सफर तय करने वाली अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा इन दिनों अपनी स्पाई थ्रिलर वेब सीरीज सिटाडेल को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। रूसो ब्रदर्स के निर्देशन में बनी यह सीरीज 28 अप्रैल को अमेजन प्राइम वीडियो पर आते ही दुनिया भर में छा गई है। कई हिट सीरीज को पीछे छोड़ सिटाडेल दुनिया की सबसे लोकप्रिय वेब सीरीज में नंबर 1 स्थान पर रही है। आइए जानते हैं टॉप 5 में किसने जगह बनानी है। सिटाडेल 6 एपिसोड की सीरीज है, जिसके शुक्रवार को पहले 2 एपिसोड ही प्रीमियर हुए हैं। अब हर हफ्ते एक एपिसोड आएगा। शो को दर्शकों और समीक्षकों की ओर से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली है तो प्रियंका के एक्शन अवतार की तारीफ हो रही है। ट्रैकिंग पोर्टल फ्लिक्सपैट्रोल के अनुसार, 29 अप्रैल की ट्रेंडिंग सूची में सिटाडेल पहले पायदान पर रही है। हालांकि, अमेजन प्राइम वीडियो की ओर से अभी शो के आधिकारिक दर्शकों के आंकड़ों का खुलासा नहीं हुआ है। फिल्म और टीवी ट्रैकिंग साइट की रिपोर्ट के अनुसार, 29 अप्रैल को सिटाडेल 1125 के स्कोर के साथ नंबर 1 रही है। नेटफ्लिक्स के शो स्वीट टूथ का दूसरा सीजन 699 स्कोर के साथ दूसरे और अमेजम प्राइम वीडियो का द मार्वलस मिसेज मैसेल 623 के साथ तीसरे स्थान पर रहा है। इसके अलावा नेटफ्लिक्स का शो द डिप्लोमैट 572 के साथ चौथे और टोनी कोलेट अभिनीत प्राइम वीडियो का पॉवर 533 स्कोर के साथ 5वें पायदान पर रहा।

# सारा अली खान ने पूरी की ऐ वतन मेरे वतन की शूटिंग

## साझा किया नया पोस्टर

सोशल मीडिया पर जबरदस्त एक्टिव रहने वाली एक्ट्रेस सारा अली खान इन दिनों अपनी अपकमिंग प्रोजेक्ट्स की शूटिंग में बिजी हैं। अब जानकारी आ रही है कि उन्होंने अपनी फिल्म ऐ वतन मेरे वतन की शूटिंग को पूरा कर लिया है। अपनी इस फिल्म की शूटिंग पूरी होने की जानकारी एक एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर तस्वीरें साझा कर दी हैं। एक्ट्रेस ने तस्वीरें साझा कर बताया कि वो बीते कई दिनों से ऐ वतन मेरे वतन के लिए नाइट शेड्यूल की शूटिंग कर रही थीं, लेकिन रविवार को उन्होंने अपने इस शेड्यूल की शूटिंग को पूरा कर लिया है। इस तस्वीर में एक केक भी नजर आ रहा है, जिसमें पर लिखा है इट्स रैप। साथ ही उन्होंने तस्वीर में ऐ वतन मेरे वतन भी लिखा है। रियल लाइफ किरदार में नजर आएंगी सारा इस फिल्म में सारा अली खान एक रियल लाइफ किरदार में नजर आने वाली हैं।



जानकारी के अनुसार, ये फिल्म साल 1942 में हुए भारत छोड़ो आंदोलन पर आधारित होगी, फिल्म ऐ वतन मेरे वतन में सारा उषा मेहता की भूमिका निभाती हुई दिखाई देंगी, जोकि स्वतंत्रता संग्राम के दौरान सीक्रेट रेडियो ऑपरेटर थीं। उषा मेहता स्वतंत्रता संग्राम के दौरान सीक्रेट रेडियो ऑपरेटर थीं। जिन्होंने देश की स्वतंत्रता के लिए चल रहे आंदोलनों को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई थी। उषा मेहता ने सीक्रेट रेडियो सर्विस कांग्रेस रेडियो की शुरुआत की थी। इस सर्विस रेडियो की मदद से उस समय वो सारी जानकारी और अन्य खबरें शेयर की जाती थीं, जिस पर उस दौरान अंग्रेजों ने पाबंदी लगा रखी थी।जानकारी के अनुसार, सारा अली खान की ये फिल्म अमेजन प्राइम पर रिलीज होगी। दरब फारूकी ने लिखी इस फिल्म को कन्नन अय्यर डायरेक्शन में बनाया गया है। वहीं, बात अगर उनके वर्कफ्रंट की करें तो वो ऐ वतन मेरे वतन, मेट्रो... इन दिनों के अलावा सारा लक्ष्मण उकेटा की अनटाइल्ड फिल्म में अभिनेता विक्की कौशल के साथ मुख्य किरदार में नजर आने वाली हैं। फिल्म में उनके साथ विक्की कौशल मुख्य किरदार निभाते हुए दिखाई देंगे। साथ ही वो अनुराग बसु के निर्देशन में बनने वाली फिल्म मेट्रो... इन दिनों में भी आदित्य रॉय कपूर के साथ अहम किरदार में नजर आने वाली हैं।

# स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 और मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान के लिये संभागीय

**ग्वालियर ।** संभागीय आयुक्त दीपक सिंह ने मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान एवं स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 के कार्यों में संभागीय अधिकारियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपते हुए कहा है कि प्रदेश सरकार द्वारा इन दोनों ही अभियानों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। इन दोनों अभियानों को ग्वालियर-चंबल संभाग में बेहतर ढंग से क्रियान्वयन करने की जवाबदारी हम सबकी है। संभाग स्तरीय अंतरविभागीय समन्वय समिति की बैठक में उन्होंने दोनों अभियानों के संबंध में विस्तार से समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। संभागीय आयुक्त कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में संभागीय आयुक्त दीपक सिंह ने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 के लिए संभागीय अधिकारियों को ग्वालियर-चंबल संभाग की एक ङ्क एक नगरीय निकाय की जवाबदारी सौंपी गई है। सभी संभागीय अधिकारी अपने प्रभार वाले नगरीय निकाय में 4 मई से 9 मई तक भ्रमण करेंगे और अपना प्रतिवेदन 10 मई को संभागीय बैठक में प्रस्तुत करेंगे। इसके साथ ही द्वितीय भ्रमण 18 मई से 23 मई के मध्य करेंगे और 24 मई को अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे। संभागीय आयुक्त दीपक सिंह ने संभागीय अधिकारियों से कहा है कि वे भ्रमण के दौरान स्वच्छता सर्वेक्षण के मापदण्ड अनुसार नगरीय निकायों में स्वच्छता का कार्य किया जा रहा है अथवा नहीं, इसका निरीक्षण करेंगे और सर्वेक्षण के लिये जो दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं उसका पालन हो यह भी सुनिश्चित करायेंगे। नगरीय निकायों में स्वच्छता सर्वेक्षण के लिये जो कमियाँ परिलक्षित हो रही हैं उनका उल्लेख करते हुए अपना प्रतिवेदन भी प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने संभागीय अधिकारियों से यह भी अपेक्षा की है कि वे भ्रमण के दौरान न केवल वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा करें बल्कि क्षेत्र में घूमकर भी स्वच्छता सर्वेक्षण के लिये किए जा रहे कार्यों का बारीकी से निरीक्षण भी करें। शासकीय अमले के साथ-साथ नगरीय निकाय के जनप्रतिनिधियों और आमजनों से भी स्वच्छता के संबंध में संवाद स्थापित किया जाए। संभागीय आयुक्त दीपक सिंह ने प्रदेश भर में 10 मई से 25 मई 2023 तक चलने वाले मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान के संबंध में भी विस्तार से चर्चा की। उन्होंने संभागीय



अधिकारियों से कहा है कि इस अभियान के तहत निर्धारित योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को लाभ पहुँचाने के साथ-साथ अन्य योजनाओं का लाभ भी अभियान के दौरान पात्र लोगों को मिले, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने विभागवार योजनाओं के लिये नोडल अधिकारी भी नियुक्त करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही संभागीय मुख्यालय पर कंट्रोल रूम स्थापित कर अभियान के दौरान की जा रही कार्रवाई की निरंतर मॉनीटरिंग करने को भी कहा है। दीपक सिंह ने बैठक में बताया कि मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान के तहत परिवार कल्याण विभाग, ऊर्जा विभाग, श्रम विभाग, आदिम जाति कल्याण विभाग, उच्च शिक्षा, मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड, सहकारिता, तकनीकी शिक्षा, उद्यानिकी एवं परिवहन विभाग की कुल 67 योजनाओं को चिन्हित कर अभियान के दौरान उनके शतप्रतिशत पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। ह भी कहा कि अभियान के अंतर्गत सीएम हैल्पलाइन में 15 अप्रैल 2023 तक दर्ज किंतु वर्तमान में लंबित शिकायतों का शतप्रतिशत निराकरण सुनिश्चित किया जाना है। इसके साथ ही जिले एवं विकासखंड स्तर पर होने वाली जनसुनवाई में प्राप्त आवेदन पत्रों को भी सीएम हैल्पलाइन पोर्टल पर दर्ज किया जाकर उनका निराकरण अभियान अवधि में किया जायेगा। शहरी क्षेत्र में नगर निगम आयुक्त और ग्रामीण क्षेत्र में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को अभियान के तहत नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। संभागीय आयुक्त दीपक सिंह ने सभी संभागीय अधिकारियों से अपेक्षा की है कि वे स्वच्छता सर्वेक्षण और मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान के दौरान सौंपे गए दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करेंगे और दोनों ही अभियानों को ग्वालियर-चंबल संभाग में क्रियान्वित करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगे।

## वीर सावरकर मेलाःमोहन सिंहः बाबूलाल को वीर सावरकर रत्न सम्मान मिलेगा

**ग्वालियर।** वीर सावरकर मेला आयोजन समिति के संस्थापक अध्यक्ष डॉक्टर जयवीर भारद्वाज जी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में वीर सावरकर रत्न सम्मान मरणोपरांत मोहन सिंह बघेल एवं बाबूलाल देने का निर्णय लिया गया । ये सम्मान उनकी पत्नियां को दिया जाएगा।वीर सावरकर मेले का संयोजक रामबाबू सेन, स्वागताध्यक्ष पार्षद संजय सिंघल, प्रवक्ता हरिदास अग्रवाल एवं समिति का अध्यक्ष लोकेश शर्मा को बनाया गया। गत 23 वर्षों से लगने वाला वीर सावरकर सरोवर रंगीन फुव्वारा स्थल, वीर सावरकर मार्ग लश्कर में वीर सावरकर मेला दो दिवसीय 27 एवं 28 मई को लगाया जा रहा है।बैठक में चित्रकला प्रतियोगिता,




निबंध प्रतियोगिता के साथ-साथ भारतीय योग संस्थान द्वारा योग शिविर लगाने तथा ग्वालियर की प्रतिष्ठित डांस ग्रुप के द्वारा सामूहिक राष्टीय गीतों पर नृत्य की प्रस्तुति होगी। ग्वालियर की सबसे बड़ी बाल स्केटिंग दौड़ दौलतगंज लश्कर से वीर सावरकर सरोवर तक का आयोजन भी किया जाएगा । इसके पंजीयन 5 मई से प्रदीप जायसवाल एडवोकेट, किशोर माहौर, ब्रजेश जा, आनंद माहौर, नरेश बाथम वीर सावरकर सरोवर पर वितरित कर निशुल्क जमा करने का दायित्व सौंपा गया है । वीर सावरकर मेले में नगर पालिका निगम, हिंदू महासभा के सहयोग से विराट कवि सम्मेलन का भी आयोजन किया जाएगा। बैठक का संचालन आनंद माहौर ने किया तथा आभार हरिदास अग्रवाल ने किया।

## केन्द्रीय मंत्री तोमर 4 व 5 मई को ग्वालियर प्रवास पर रहेंगे



**ग्वालियर।**केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर 4 व 5 मई को ग्वालियर व मुरैना जिले के प्रवास पर रहेंगे। मंत्री तोमर इस दौरान ग्वालियर जिले को विकास कार्यों की बड़ी-बड़ी सौगातें देंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार केन्द्रीय मंत्री तोमर 4 मई को प्रातः11 बजे ग्राम खेरियामोदी, बेरजा-चितौरा मार्ग मुरार पुहुँचकर संयुक्त कार्यालय भवन नगरीय तहसील मुरार का शिलान्यास करेंगे। इसके बाद ग्राम रौरा पहुँचकर विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण करेंगे। केन्द्रीय मंत्री तोमर 5 मई को प्रातः11 बजे पीआईएमआर के सिल्वर जुबली सेलीब्रेशन कार्यक्रम का बतौर मुख्य अतिथि शुभारंभ करेंगे। इसके बाद मुरैना जिले के लिये रवाना होंगे। मंत्री तोमर इस दिन पोरसा में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे।

## कलेक्टर सिंह ने किया डोर :टू :डोर सर्वे का निरीक्षण

**ग्वालियर।** भारत निर्वाचन आयोग के दिशा ङ्क निर्देशानुसार ग्वालियर जिले में भी ÷आयोग आपके द्वार÷ के तहत बीएलओ घर-घर जाकर नए मतदाताओं के नाम जोड़ने, त्रुटियों में सुधार एवं एक ही परिवार के नाम एक ही मतदान केन्द्र की सूची में शामल कराने के लिये निर्धारित प्रपत्र में आवेदन भरवा रहे हैं। कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने बुधवार को विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 16-ग्वालियर पूर्व के अंतर्गत विभिन्न बस्तियों में पहुँचकर डोर-टू-डोर सर्वे की वस्तुस्थिति जानी। साथ ही बेसलाइन सर्वे के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने इस अवसर पर निर्देश दिए कि जिन परिवारों के मतदाताओं के नाम अलग-अलग मतदान केन्द्रों की सूची में हैं उन्हें एक ही मतदान केन्द्र पर किया जाए। इस काम में किसी प्रकार की लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। कलेक्टर सिंह ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 16-ग्वालियर पूर्व के अंतर्गत ठाठीपुर क्षेत्र में स्थित नेहरू कॉलोनी के विभिन्न घरों में पहुँचकर डोर-टू-डोर सर्वे की वस्तुस्थिति जानी। यहाँ के एक घर के मतदाताओं के नाम अलग-अलग मतदान केन्द्रों में पाए जाने पर कलेक्टर सिंह ने अपनी मौजूदगी में सुधार के लिये संबंधित बीएलओ से निर्धारित प्रपत्र भरवाया। उन्होंने संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और बीएलओ को निर्देश दिए हैं कि इस काम को बारीकी से और पूरी गंभीरता के साथ अंजाम दें। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के तहत ग्वालियर जिले के सभी 6 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के उन 20-20 मतदान केन्द्रों के क्षेत्र में बेसलाइन सर्वे किया जा रहा है, जहाँ पिछले चुनाव के दौरान मतदान प्रतिशत अत्यधिक कम रहा है। बेसलाइन सर्वे के दौरान मतदाताओं से चर्चा के लिये सामाजिक व आर्थिक आधार रखा गया है। साथ ही महिला, पुरूष, अनुसूचित जाति, जनजाति, ट्रांसजेंडर एवं युवा मतदाता इत्यादि मतदाताओं से भी चर्चा की जा रही है। राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर एस बी ओझा ने बताया कि बेसलाइन सर्वे के लिये आयोग द्वारा 80 प्रकार के प्रश्न निर्धारित किए गए हैं। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी जे पी गुप्ता सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं बीएलओ मौजूद थे।



### मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड दीनदयाल नगर में प्रबंधक सोमदत्त मिश्रा की सराहनीय पहल

## प्रबंधक सोमदत्त मिश्रा एवम कनिष्ठ यंत्री गोपेश उपाध्याय व धर्मेंद्र रजक के साथ एमपीईबी के समस्त स्टाफ का रहा सराहनीय योगदान

**ग्वालियर** ।दीनदयाल नगर के एमपीईबी जोन में मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंधक सोमदत्त मिश्रा की सराहनीय पहल सिद्ध होती हुई नजर आ रही है जहां पर दीनदयाल नगर एमपीईबी कैंपस के समस्त स्टाफ द्वारा आपस में मंदिर के लिए दान इकट्ठा कर मंदिर बनाने का बीड़ा उठाया है आपको बता दें कि एमपीईबी के कैंपस में मंदिर न होने से राधा कृष्ण मंदिर बनाने हेतु एमपीईबी के प्रबंधक सोमदत्त मिश्रा व कनिष्ठ यंत्री गोपेश उपाध्याय, कनिष्ठ यंत्री धर्मेंद्र रजक द्वारा समस्त स्टाफ के साथ किया गया मंदिर के लिए भूमि पूजन जहां पर विधिवत ब्राह्मणों को बुलाकर विधि विधान से पूजा



अर्चना करते हुए हर्ष उल्लास के साथ खुशी का माहौल नजर आ रहा था जहां पर परम पूज्य आचार्य पंडित बालाप्रसाद शास्त्री व पंडित पवन कुमार शर्मा द्वारा मंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन कराया गया इस अवसर मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड दीनदयाल नगर के प्रबंधक सोमदत्त मिश्रा व कनिष्ठ यंत्री गोपेश उपाध्याय द्वारा समस्त स्टाफ के साथ बड़े ही भक्ति भाव से आनंदित होते हुए उत्साहपूर्वक भूमि पूजन संपन्न हुआ इस अवसर पर एमपीईबी के प्रबंधक सोमदत्त मिश्रा के साथ साथ कनिष्ठ यंत्री गोपेश उपाध्याय, कनिष्ठ यंत्री धर्मेंद्र रजक, परीक्षण सहायक सुमित कुमार,( ॥.रु ) लोकेंद्र सिंह परिहार, विकाश सहित समस्त स्टाफ के साथ गणमान्य नागरिक हर्ष उल्लास के साथ मौजूद रहे।

## लोकायुक्त पुलिस ने रिश्वत लेते प्रधान आरक्षक दबोचा

**ग्वालियर।** लोकायुक्त पुलिस ग्वालियर ने बदरवास जिला शिवपुरी थाने के एक प्रधान आरक्षक को 5 हजार की रिश्वत लेते हुये पकड़ा है। यह रिश्वत प्रधान आरक्षक ने एक आवेदक रामनारायण कुशवाह निवासी आरके पुरम हाउसिंग बोर्ड शिवपुरी से बदरवास थाने के एक प्रकरण में कोर्ट में चालान प्रस्तुत करने के एवज में मांगी थी। आवेदक ने इसकी शिकायत लोकायुक्त पुलिस को की थी। बताया जाता है कि जैसे ही आवेदक रामनारायण कुशवाह ने प्रधान आरक्षक कदम सिंह थाना बदरवास को रिश्वत की राशि 5 हजार रूपये दी मौके पर ही मौजूद लोकायुक्त टीम ने उसे दबोच लिया। लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक रामेश्वर सिंह यादव ने बताया कि मौके पर लोकायुक्त टीम की कार्रवाई जारी हैं। प्रकरण दर्ज कर लिया गया है।

## प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरी विश्वविद्यालय मालनपुर में त्रिदिवसीय आयोजन का कल दिनांक 03 मई 2023 से हुआ भव्य, दिव्य शुभारंभ

### हजारों भक्त श्रद्धालुओं के साथ आश्रम के द्वारा निकाली गई शिव बारात

**ग्वालियर ।** जिला मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर दूर है ग्वालियर,भिंड रोड पर मालनपुर के पास प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय मालनपुर महाराजपुरा आश्रम में तीन दिवसीय समर्पण समारोह समर्पण महोत्सव में गोल्डन वन रिट्रीट सेंटर महाराजपुरा मालनपुर आश्रम से भारत मार्केट पेट्रोल पंप तक शिव स्वरूप की झांकी निकालकर शिव बारात निकाली गई जिसमें भक्तों के द्वारा विशाल समूह के साथ बाबा भोलेनाथ की बारात में मस्त होकर नृत्य किया और शिव बारात में हजारों की संख्या



में लोग शामिल हुए इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजयोगिनी शारदा दीदी राष्ट्रीय संयोजिका महिला प्रभाव एवं क्षेत्रीय निर्देशिका अहमदाबाद अंबाबाड़ी राजयोगिनी अवधेश दीदी राष्ट्रीय संयोजिका प्रशासक सेवा विभाग एवं क्षेत्रीय निर्देशिका भोपाल जोन बीके सैला बहिन छतरपुर बीके निर्मला बहन रीवा बीके रानी बहन जी सतना बीके ज्योति बहिन मालनपुर बीके रेखा बहन पोरसा भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष राम कुमार गुप्ता पोरसा बीके सतनाम भाई बीके आशीष भाई बीके नीलेश भाई बीके सनातन भाई बीके मुकेश भाई बीके महेश भाई आदि हजारों की संख्या में भाई बहिन उपस्थित रहे

## मध्य प्रदेश में आगामी चुनाव को मध्य नजर रखते हुए जयप्रकाश जनता दल की बड़ी पहल

### जय प्रकाश जनता दल मध्य प्रदेश की सम्पूर्ण विधान सभा सीटों पर उतरेगा प्रत्यासी

**ग्वालियर ।** मध्यप्रदेश आगमी विधानसभा को देखते हुए जय प्रकाश जनता दल के पार्टी हाई कमान के निर्देशन पर जय प्रकाश जनता दल मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष डॉ शिवकरण सिंह राजावत ने मध्यप्रदेश की सम्पूर्ण विधानसभा प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतारने के लिए तैयारी अंतिम चरण में किसी पार्टी के साथ गठबंधन की बात की तो उंन्होने स्पष्ट कहा हम किसी के साथ गठबंधन में नही है हमारी पार्टी की जो विचार



धारा है बो गरीब एव बंचित लोगो की सेवा करना असहाय लोगो को मदत करना ना किसी के साथ गठबंधन नही करेंगे हम किसी सरकार में सहयोग नही करेंगे हम किसी भी पार्टी के साथ कोई गठबंधन नही करेंगे जो भी हमारे विधायक बिधान सभा जायेगे बो सिर जन सेवा के लिए आम जन की सेवा ही करना हमारी पार्टी का उद्देश्य है जो भी जय प्रकाश जनता दल में जुड़ कर जन सेवा करना चहिता हो तो बो निस्स्वार्थ ही जुड़े

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478